NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 13 अंक: 137 लखनऊ, शनिवार 30 दिसंबर 2023 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## 15 किमी का रोड शो, 15000 करोड़ से ज्यादा की सौगात, पीएम मोदी के अयोध्या दौरे का पूरा शेड्यूल

संवाददाता

लखनऊ। अयोध्या हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मिकी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धामश रखा जाएगा और इस संबंध में एक अधिसूचना जल्द ही जारी होने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 दिसंबर को अयोध्या में श्री राम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करने वाले हैं। यह 22 जनवरी को निर्माणाधीन राम मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की भव्य प्राण प्रतिष्ठाश (प्रतिष्ठा समारोह) से पहले आया है। पीएमओ के एक बयान के अनुसार, मुख्य अयोध्या शहर से 15 किलोमीटर दूर स्थित, हवाई अड्डे के चरण 1 को 1,450 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित



किया गया है। एक अधिकारी के हवाले से बताया कि अयोध्या हवाई अड्डे का नाम श्महर्षि वाल्मिकी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धामश रखा जाएगा और इस संबंध में एक अधिसूचना जल्द ही जारी होने की संभावना है। 6,500 वर्गमीटर के कुल क्षेत्रफल के साथ, हवाई अड्डे का टर्मिनल भवन सालाना लगभग 10 लाख यात्रियों की सेवा के लिए सुसज्जित है। बयान में कहा गया है कि टर्मिनल बिल्डिंग को योध्या के आगामी श्री राम मंदिर की वास्तुकला को चित्रित करने के लिए डिजाइन किया गया है। यहां तक घ्कि मुख्य प्रवेश द्वार भी इसी तरह से बनाया गया है, जिसमें कंक्रीट का कोर और बलुआ पत्थर की परत है, जिस पर शैलीगत नक्काशी की गई है। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कल अयोध्या धाम आ रहे हैं, सभी उनके स्वागत के लिए आतुर हैं। यहां लगभग 50 हजार करोड़ की परियोजनाएं आकार ले रही हैं, अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, अंतर्राष्ट्रीय स्तर का रेलवे स्टेशन बनकर तैयार है। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि स्वच्छता के इस पुण्य कार्य को करने का सौभाग्य मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छता को अपना सबसे प्रिय विषय मानते हैं और जब कल प्रधानमंत्री खुद अयोध्या में आ रहे हैं तो ऐसे में स्वच्छता का अभियान चल रहा है..

## केंद्र, असम और उल्फा के बीच ऐतिहासिक समझौता, अमित शाह बोले- शांति के साथ विकास के काम में तेजी आएगी

एजेंसी।

नई दिल्ली शाह ने कहा कि भारत सरकार, असम सरकार और न्स्थ। के बीच जो समझौता हुआ है, इससे असम के सभी हथियारी गुटों की बात को यहीं समाप्त करने में हमें सफलता मिल गई है। ये असम और उत्तर–पूर्वी राज्यों की शांति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) के वार्ता समर्थक गुट ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की उपस्थिति में केंद्र और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। अमित शाह ने कहा कि मेरे लिए खुशी की बात है कि आज असम के भविष्य के लिए




एक उज्ज्वल दिन है। लंबे समय तक असम, पूर्वोत्तर को हिंसा का सामना करना पड़ा और 2014 में पीएम मोदी के पीएम बनने के बाद दिल्ली और पूर्वोत्तर के बीच के अंतर को कम करने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि अब शांति के साथ विकास के काम में तेजी आएगी। शाह ने कहा कि भारत सरकार, असम सरकार और न्स्थ। के बीच जो समझौता हुआ है, इससे असम के सभी हथियारी गुटों की बात को यहीं समाप्त करने में हमें सफलता मिल गई है। ये असम और उत्तर–पूर्वी राज्यों की शांति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह पूरे पूर्वोत्तर विशेषकर असम के लिए शांति के दौर की एक नई शुरुआत है। मैं उल्फा प्रतिनिधियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि आपने भारत सरकार पर जो विश्वास रखा है, गृह मंत्रालय (एमएचए) की ओर से, आपके कहे बिना, सब कुछ पूरा करने के लिए समयबद्ध तरीके से एक कार्यक्रम बनाया जाएगा। गृह मंत्रालय के तहत एक समिति बनाई जाएगी, जो इस समझौते को पूरा करने के लिए असम सरकार के साथ काम करेगी। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि आज असम के लिए ऐतिहासिक दिन है। पीएम मोदी के कार्यकाल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में असम की शांति के लिए हमेशा काम होता रहा... तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं और तीन समझौतों से असम में आदिवासी उग्रवाद समाप्त हो गया है।

## विकसित भारत यात्रा से सरकार दे रही हर हर दहलीज पर दस्तक - सांसद डॉ मनोज राजोरिया।

धौलपुर राजस्थान। सांसद मनोज राजौरिया ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिए भारत सरकार गांव–गांव तक पहुंचकर हर एक पात्र को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि सरकार हर वंचित की दहलीज पर दस्तक दे रह है और उन्हें कल्याणकारी योजनाओं से जोडने की पुरजोर मुहिम चलाई जा रही है। सांसद मनोज राजौरिया शुक्रवार को सैंपऊ ग्राम पंचायत में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया और उनसे उन्हे मिल रही योजनाओं के लाभ और योजनाओं के माध्यम से उनके जीवन में आए बदलावों के बारे में चर्चा की।सांसद डॉ मनोज



राजोरिया ने शिविर में मौजूद सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधि और नागरिकों को वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए शपथ दिलाई। शिविर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें आमजन ने बहुत उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में विकास कार्यों और योजनाओं से संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।जिला कलक्टर ने की आयुष्मान भारत जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं से जुडने की अपीलजिला कलक्टर अनिल कुमार अग्रवाल ने आमजन को संबोधित कर आयुष्मान भारत, पीएम उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं से जुडने की अपील की। उन्होंने कहा कि मात्र 20 रुपये सालाना खर्च कर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा से जुडकर आमजन एक ऐसा सुरक्षा चक्र प्राप्त करते हैं जिससे विपरीत परिस्थितियों में बीमा राशि आश्रितों का अवलंब बनेगी। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना से जुडने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस संकल्प यात्रा में अपनी सक्रिय भागीदारी दें और देश के विकास में योगदान दें। उन्होंने अधिकारियों से शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत किये गये पंजीकरण एवं अन्य कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली।

## असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सघन कार्रवाई।

धौलपुर राजस्थान। पुलिस मुख्यालय के निर्देशन पर जिले भर में अपराधियों, असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सघन कार्रवाई के तीसरे दिन 7 हिस्ट्रीशीटरध्हार्डकोर अपराधियों सहित कुल 71 व्यक्तियों को किया गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देशन में जिले में तीन दिन चले अभियान में सभी थानों की 133 पुलिस टीमों ने 449 स्थानों पर दबिश देकर 25 हिस्ट्रीशीटर हार्डकोर अपराधियों सहित कुल 221 व्यक्तियों को किया गिरफ्तार राजस्थान पुलिस ने अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ तीन दिवसीय अभियान बुधवार को शुरू किया था। इसके तहत पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री ओमप्रकाश मीणा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह के सुपरवीजन में जिले के सभी थाना इलाकों में पुलिस टीम दबिश देकर ऐसे तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की गई हैद्य जिले में आज अभियान के तीसरे और अंतिम दिन सभी थानों की 44 पुलिस टीमों ने 135 अलग अलग स्थानों पर दबिशें देकर 7 हिस्ट्रीशीटरध्हार्डकोर अपराधियों सहित कुल 71 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा के निर्देश पर जिले भर में अपराधियों और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सघन कार्रवाई शुरू की गई है। तीन दिन का यह अभियान बुधवार तड़के शुरू हुआ था। इस अभियान के अन्तर्गत तीन दिन में अभियान में सभी थानों की 133 पुलिस टीमों ने 449 अलग अलग ठिकानों पर दबिश देकर 25 हिस्ट्रीशीटर हार्डकोर अपराधियों सहित कुल 221 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। यह अभियान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) दिनेश एम एन की निगरानी में चलाया गया है। इसके तहत सभी थाना इलाकों में पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर आपराधिक तत्वों की धरपकड़ की गई है। पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर इस अभियान की मानिटरिंग कर रखे हुए थेद्य पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि अपराधियों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## मेरिट के आधार पर होगी सीट शेयरिंग, महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने किया साफ

एजेंसी। महाराष्ट संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय पार्टी को सीटों के लिए बातचीत जीरो से शुरू करनी होगी। उन्होंने 2019 में राज्य में कोई निर्वाचन क्षेत्र नहीं जीता था। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं से कहा है कि जिन सीटों पर सेना ने जीत हासिल की है। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि हमने राज्य में कहा था कि मेरिट के आधार पर सीट शेयरिंग होगी और फैसला होगा, जगह किसे कम मिल रही है किसे ज्यादा इसपर चर्चा नहीं होगी बल्कि मेरिट के आधार पर चर्चा होगी। बता दें कि शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय पार्टी को सीटों के लिए बातचीत जीरो से शुरू करनी होगी। उन्होंने 2019 में राज्य में कोई निर्वाचन क्षेत्र नहीं जीता था। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं से कहा है कि जिन सीटों पर सेना ने जीत हासिल की है, उन पर अन्य सीटों की तुलना में बाद में चर्चा होगी। 2019 का चुनाव शिवसेना ने बीजेपी के साथ गठबंधन में लड़ा था और 18 सीटों पर जीत हासिल की थी। कांग्रेस ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र में सहयोगी दल




शिवसेना (यूबीटी) की 23 सीटों की मांग खारिज कर दी है। यह घटनाक्रम तब हुआ जब नेताओं ने लोकसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र विकास अघाड़ी के सहयोगियों–शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और राकांपा के बीच सीट बंटवारे पर चर्चा की। दो गुटों में बंटी शिवसेना ने महाराष्ट्र की 48 सीटों में से 23 पर दावा किया, बावजूद इसके कि उसके अधिकांश सदस्य एकनाथ शिंदे के पक्ष में थे। कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने कहा कि शिवसेना के उद्धव ठाकरे के गुट को एक महत्वपूर्ण चुनौती का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि पार्टी के विभाजन के कारण उसके पास पर्याप्त उम्मीदवारों की कमी है।

## जेड्यू में बड़े बदलाव के बीच अलर्ट मोड पर आरजेडी तेजस्वी ने रद्द किया विदेश दौरा, कही यह बड़ी बात

एजेंसी

नई दिल्ली ललन सिंह ने आज इस्तीफा देते वक्त नीतीश कुमार के नाम का प्रस्ताव रखा और सभी ने सर्वसम्मति से नीतीश कुमार को अध्यक्ष चुन लिया। इन सबके बीच खबर यह भी है कि तेजस्वी यादव विदेश दौरे पर जाने वाले थे। उन्होंने अपना दौरा रद्द कर दिया है। राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह जदयू के अध्यक्ष पद से



इस्तीफा दे दिया है। उनकी जगह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पार्टी की कमान अपने हाथों में ले ली है। इसे लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी में बड़ा बदलाव माना जा रहा है। इसका असर बिहार की राजनीति के साथ–साथ देश की राजनीति पर भी पड़ने वाला है। इन सबके बीच जदयू में इस बड़े बदलाव पर बिहार में नीतीश कुमार की सहयोगी राजद भी अब सतर्क हो गई है। लालू प्रसाद यादव की पार्टी राजद जदयू में चल रहे घटनाक्रम पर पूरी तरीके से बारीक की नजर रख रही है। ललन सिंह ने आज इस्तीफा देते वक्त नीतीश कुमार के नाम का प्रस्ताव रखा और सभी ने सर्वसम्मति से नीतीश कुमार को अध्यक्ष चुन लिया। इन सबके बीच खबर यह भी है कि तेजस्वी यादव विदेश दौरे पर जाने वाले थे। उन्होंने अपना दौरा रद्द कर दिया है। 6 जनवरी को तेजस्वी का यह दौरा होने वाला था। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। दूसरी और तेजस्वी यादव का भी इस पर बयान आया है। उन्होंने नीतीश कुमार को बधाई देते हुए कहा कि अगर वह (नीतीश कुमार) अपनी पार्टी (जद(यू)) के अध्यक्ष बने हैं तो यह उनकी पार्टी का निर्णय है। वह पहले भी जेडीयू के अध्यक्ष रह चुके हैं। वह अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं इसलिए अगर वह जदयू के अध्यक्ष बने हैं तो यह अच्छी बात है। जद(यू) के वरिष्ठ नेता व मुख्य प्रवक्ता के सी त्यागी ने कहा कि राजीव रंजन सिंह ऊर्फ ललन सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और नीतीश कुमार को अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव रखा, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। सिंह ने यहां बंद कमरे में हुई कार्यकारिणी बैठक में अध्यक्ष पद छोड़ दिया और कुमार के नाम का प्रस्ताव करते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले इस महत्वपूर्ण मोड़ पर पार्टी को उनके नेतृत्व की आवश्यकता होगी, जबकि वह खुद अपना चुनाव लड़ने में व्यस्त होंगे। वह वर्तमान में लोकसभा में मुंगेर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक आज होने वाली है जिसमें अध्यक्ष पद सहित कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए फैसलों का अनुमोदन किए जाने की संभावना है।

## बीजेपी के दरवाजे नीतीश के लिए बंद,गिरिराज सिंह बोले- वे मुख्यमंत्री पद के कुछ ही दिनों के मेहमान

एजेंसी

पटना बिहार भाजपा नेता ने आगे कहा कि अब उनके पास एक ही विकल्प है– लालू यादव के सामने आत्मसमर्पण कर दें और तेजस्वी यादव को नया सीएम बनने दें, अन्यथा लालू यादव पार्टियों में फूट डालकर अपनी सरकार बनाने में माहिर हैं। केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने भविष्यवाणी की कि नीतीश कुमार अब बिहार के मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे, उन्होंने दावा किया कि उनके (कुमार) सामने केवल दो विकल्प बचे हैं। गिरिराज सिंह का यह बयान ऐसे समय में आया है जब जदयू में बड़ा बदलाव हुआ है। ललन सिंह ने जदयू अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। नीतीश कुमार पार्टी के अध्यक्ष बन गए हैं। इसी को लेकर गिरिराज




सिंह ने कहा कि इसमें क्या बड़ी बात है? नीतीश कुमार पहले भी पार्टी अध्यक्षों को बर्खास्त कर चुके हैं...बीजेपी के दरवाजे नीतीश कुमार के लिए बंद हैं. इतना तो तय है कि वह कुछ दिनों के लिए बिहार के सीएम हैं। भाजपा नेता ने आगे कहा कि अब उनके पास एक ही विकल्प है– लालू यादव के सामने आत्मसमर्पण कर दें और तेजस्वी यादव को नया सीएम बनने दें, अन्यथा लालू यादव पार्टियों में फूट डालकर अपनी सरकार बनाने में माहिर हैं। भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार प्राइवेट लिमिटेड पार्टी है... ऐसी कोई बात(नीतीश कुमार के छ्क। में आने की) नहीं है, इस पर कोई चर्चा नहीं चल रही है। विजय कुमार सिन्हा ने कहा, ष्एक स्वाभिमानी व्यक्ति कभी इस प्रकार की विदाई स्वीकार नहीं करता है। जब पार्टी और नेतृत्व का विश्वास नहीं रहे तो उस पद पर रहने का कोई औचित्य नहीं रहता है। इन्हें(ललन सिंह) पहले ही इस्तीफा दे देना चाहिए था। भाजपा प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि जेडीयू ने कार्यकारिणी की बैठक की और फैसला लिया कि नीतीश कुमार फिर से पार्टी के अध्यक्ष बनने जा रहे हैं। हालाँकि, मेरा मानना छ्है कि इससे बिहार में राजनीतिक परिदृश्य नहीं बदलने वाला है, और इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ने सिंह पर भी निशाना साधा और कहा कि उन्हें जद(यू) प्रमुख पद से बहुत पहले ही इस्तीफा दे देना चाहिए था। उन्होंने आरोप लगाया कि सिंह राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के करीबी हो गए थे और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और कुमार दोनों को धोखा दे रहे थे।

## राज्यसभा में आप के नेता नहीं बन पाएंगे राघव चड्ढा, सभापति ने खारिज किया अनुरोध, पार्टी की भी आई प्रतिक्रिया

एजेंसीं

नई दिल्ली संसद के सूत्रों के मुताबिक, आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को लिखे पत्र में धनखड़ ने कहा यह पहलू श्संसद में मान्यता प्राप्त दलों और समूहों के नेता और मुख्य सचेतक (सुविधाएं) अधिनियम 1998 और उसके तहत बनाए गए नियमों के अधीन है। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के उस अनुरोध को अस्वीकार कर दिया, जिसमें उन्होंने पार्टी सांसद संजय सिंह के स्थान पर राज्यसभा में अंतरिम पार्टी नेता के रूप में राघव चड्ढा की नियुक्ति की मांग की थी। समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से यह दावा किया है। आप के सूत्रों ने बताया कि नियुक्ति के अनुरोध को अस्वीकार नहीं किया गया है, हालांकि, कुछ सुधार मांगे गए हैं जिन्हें जल्द ही संबोधित किया जाएगा। संसद के सूत्रों के मुताबिक, आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को लिखे पत्र में धनखड़ ने कहा यह पहलू श्संसद में मान्यता प्राप्त दलों और समूहों के नेता और मुख्य सचेतक (सुविधाएं) अधिनियम 1998 और उसके तहत बनाए गए नियमों के अधीन है। लागू कानूनी व्यवस्था के अनुरूप नहीं होने के कारण अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जा रहा है। इससे पहले 14 दिसंबर को आप के राष्ट्रीय संयोजक ने पार्टी सांसद संजय सिंह के स्थान पर चड्ढा की नियुक्ति के लिए अनुरोध किया था, जो वर्तमान में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। धनखड़ को लिखे पत्र में केजरीवाल ने लिखा था, ष्मैं राज्यसभा में अंतरिम पार्टी नेता के रूप में राघव चड्ढा का नाम प्रस्तावित करना चाहूंगा जब तक कि आगे बदलाव आवश्यक न समझे जाएं। हम अनुरोध करते हैं कि राज्यसभा के नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार इस बदलाव की अनुमति दी जाए।ष संसद में मान्यता प्राप्त दलों और समूहों के नेता और मुख्य सचेतक (सुविधाएं) अधिनियम के तहत, जिसका




उल्लेख धनखड़ ने केजरीवाल को लिखे अपने पत्र में किया है, अंतरिम नेता का कोई प्रावधान नहीं है। धनखड़ ने नियमों का हवाला देते हुए केजरीवाल के अनुरोध को ठुकरा दिया।

# विदेशी क्रिकेट टीम मे उप कप्तान बन बढ़ाया जिले का मान

संवाददाता।

कादीपुर सुलतानपुर ।अबूधाबी टी टेन टीम में बतौर उपकप्तान खेलने वाले श्रवण कादीपुर तहसील क्षेत्र के मोहमदाबाद गांव मे 2002 मे सामान्य परिवार में जन्मे और प्रारम्भिक शिक्षा नगर स्थित बिद्या मंदिर से हुई। बचपन से ही उन्हे क्रिकेट खेलने का शौक था। उनके इस शौक को पूरा करने के लिए गाँव मे छोटी सी किराना की दुकान चलाने वाले उनके पिता उमेश चंद मिश्र, बड़े पिता श्रीपति मिश्र व उनके चाचा संतोष मिश्र एडवोकेट ने उनको कानपुर प्रशिक्षण के लिए भेज दिया। श्रवण अपने खेल व मेधा के बल पर लखनऊ, कानपुर व नोएडा मे खेलने के बाद बड़ोदरा गुजरात चले गये। वहां कुछ महीने खेलने के बाद उनकी मुलाकात पंड्या ब्रदर्श हार्दिक व कुणाल पंड्या से हुई। इतना सब कुछ पाने मे श्रवण बताते है कि क्रिकेटर, अभिनेता व उद्योगपतियों का भी सहयोग रहा। विदेश से वापस आये श्रवण बताते है कि गुरूमीत सिंह भामरा और कपिल झावेरी ने बहुत योगदान दिया। इसी बीच नोएडा एकेडमी मे उत्तराखंड निवासी क्रिकेटर राकेश से हुई जो इस समय यूएई देश मे है, जिनके सहयोग से श्रवण यूएई देश मे होने वाले क्रिकेट अबुधाबी टी टेन् के खिलाडी है। जनवरी चौबीस मे होने वाले वहां के डोमेस्टिक मैच मे टीम इलेवन का हिस्सा होते हुए टीम के उपकप्तान है। अबुधाबी से लौटे श्रवण ने एक मुलाकात मे बताया कि यह सब ईश्वर की कृपा, बाबा बजरंगबली के आशीर्वाद व परिवार तथा मित्र जनो शुभचिनको की कामनाओ का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि इस छ वर्ष मे कितना संघर्ष व उतार चढ़ाव मैने देखा है इसे मै स्वयं सिर्फ महसूस कर सकता हू।

# गरीबों और असहाय की मदद करना ही सबसे बड़ा पुण्य का काम हैं- भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा उपाध्यक्ष



संदीप सिंह जौनपुर ।गरीब व असहाय की मदद करने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं हैं संसार में सबसे श्रेष्ठ प्राणी मानव ही दुखी होगा, तो इससे बुरी बात क्या हो सकती है। हर सामर्थ्य व्यक्ति को गरीब व असहाय की मदद के लिए आगे आना चाहिए इस प्रकार के कार्यों से व्यक्ति को खुशी मिलती हैं। साथ में पुण्य मिलता है उन्होंने कहा कि गरीब और असहाय व्यक्ति से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं है व्यक्ति से जितना हो सके गरीब व असहाय की मदद करनी चाहिए गरीबी एक अभिशाप नहीं है गरीब लोगों के मन में वही है, जो हम सबके है ऐसे लोगों की थोड़ी सहायता करने से भी उन्होंने भी खुशी होती है

श्री सिंह ने बताया कि सरकार के तरफ से गरीब लोगों के लिए सर्दी से बचने के लिए अलाव जलाने के लिए लकड़ी और गर्म कपड़े बांटे जा रहे है ऐसे ही पूरे सर्दी के सीजन तक गरीब और असहाय लोगों की मदद की जाएगी ।

हमें उन लोगों की देखभाल करनी चाहिए जो बीमार हों, अशक्त हों या तकलीफ में हों। यदि हमें कोई ऐसा व्यक्ति दिखाई दे तो हमें हर संभव मदद करना चाहिए दान देना अच्छी बात है, लेकिन उन लोगों को दान देना भी महत्वपूर्ण है जो हमें सड़कों पर भीख मांगते हुए जब कोई बेघर भिखारी हमें गंदा और भद्दा दिखाई देता है, और हम उसकी ओर देखना भी नहीं चाहते हैं, तब भी हमें मुस्कराते हुए उसे सम्मान की दृष्टि से देखना चाहिए हमें अपनी झिझक को छोड़कर मदद के लिए आगे आना चाहिए ।

# शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष

सुल्तानपुर। कांग्रेस के बल्दीराय ब्लॉक अध्यक्ष इमरान मोनू के छोटे भाई मो फैसल बीते दिनों लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। जिसकी सूचना बल्दीराय ब्लॉक के साथ–साथ जनपद भर के कांग्रेसियों में शोक की लहर दौड़ गई। जिला मीडिया प्रभारी मो इमरान खान की सूचना पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा बल्दीराय ब्लॉक अध्यक्ष इमरान मोनू के बघौना स्थित घर पहुंचे, जहां उन्होंने इमरान मोनू के साथ उनके परिजनों से मुलाकात कर उनके छोटे भाई मो फैसल के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट किया। वहीं कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बल्दीराय ब्लॉक अध्यक्ष इमरान मोनू को ढाढांस बधाते हुए कहा कि कांग्रेस परिवार इस दुख की घड़ी में आपके साथ है मुझे अत्यंत दुख हुआ छोटे भाई फैसल के निधन की खबर सुनकर कांग्रेस पार्टी इस दुख की घड़ी में आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। इस मौके पर शहर अध्यक्ष शकील अहमद, वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी हौसिला प्रसाद भीम, अतिउल्ला अंसारी, मो इमरान खान (मीडिया प्रभारी) दयाशंकर दूबे आदि लोग मौजूद रहे।

# कृषि भवन अहिमाने में उ0प्र0 मिलेट्स पुनरोद्वार मिलेट्स कार्यक्रम



सुलतानपुर कृषि भवन अहिमाने में उ0प्र0 मिलेट्स पुनरोद्धार मिलेट्स कार्यक्रम के अन्तर्गत 02 दिवसीय जनपद स्तरीय अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023–24 उ0प्र0 पुनरोद्धार (राज्य सेक्टर) योजनान्तर्गत मिलेट्स रेसिपी विकास प्रतियोगिता एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ब्लाक प्रमुख दूबेपुर अखिल प्रताप सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया तथा उनके द्वारा मेलों में लगी स्टॉलों का अवलोकन किया गया। उन्होंने मिलेट्स के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा मिलेट्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर संयुक्त कृषि निदेशालय(बाढ़ोयो0), कृषि भवन लखनऊध्टी0एफ0ओ अयोध्या, मण्डल अयोध्या, उप कृषि निदेशक रामाश्रय यादव, जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ0 जे0बी0 सिंह, कृषि प्रसार अधिकारी दीपचन्द चौरसिया, डॉ0 अतुल सिंह वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र सहित विकास खण्डों से 300 किसान एवं विभाग के 100 अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। अंत में जिला कृषि अधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों, पत्रकार बन्धुओं, किसान भाईयों एवं बहनों का आभार व्यक्त करते हुए समापन किया गया।

# सड़क सुरक्षा नियम पाले ,फिर सुंदर हर नक्शा हो - प्रगति शर्मा

प्रदीप वर्मा जिला संवाददाता

झांसी!! शासन के आदेशानुसार 15 दिनों तक चलने वाले सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत यातायात विभाग एवं संभागीय परिवहन विभाग की ओर से आज दिनांक 29–12–2023 को झांसी के ब्लू बेल्स पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा समिति की सदस्य व ट्रैफिक वार्डन प्रगति शर्मा के संयोजन एवं संचालन में सड़क सुरक्षा जागरूकता विषयक एक वृहद् सेमिनार का आयोजन टी एस साई शशिकांत के मुख्य आतिथ्य में किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता ब्लू बेल्स स्कूल के प्रधानाचार्य नितिन अनुज विलियम्स ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सड़क सुरक्षा समिति की सदस्य दीपशिखा शर्मा एवं प्रवीण तिवारी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम विद्यालय के तीन मेधावी विद्यार्थियों अमान खान, स्नेह साहू एवं हिमांशी तिवारी ने सड़क सुरक्षा पर अपने विचार व्यक्त किए तत्पश्चातअतिथियों व कार्यक्रम संयोजिका प्रगति शर्मा द्वारा बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि टी एस आई शशिकांत ने बच्चों को जागरुक करते हुए बताया कि,ष 18 वर्ष से पहले वाहन न चलाएं कान में लीड लगाकर व नशे की हालत में वाहन ना चलाएं अगर आप 18 वर्ष से कम उम्र में वाहन चलाते पाए गए तो आपके अभिभावकों पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। ष सेमिनार में अध्यक्षीय उद्बोधन एवं आभार व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्य नितिन अनुज विलियम्स ने कहा कि घर पर हमारी कोई प्रतीक्षा कर रहा होता है और यहां विद्यालय में ,मैं प्रधानाचार्य आपकी प्रतीक्षा कर रहा होता हूं अतः आप सभी वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अवश्य करें। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संयोजिका सुश्री प्रगति शर्मा द्वारा सभी को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन करने की शपथ दिलाई गई। उक्त अवसर पर आयरिश फिलिप्स ,सीमा खोसला, दिशा, प्रवीण तिवारी, नीति शर्मा ,रंजना शर्मा, नितिन कोहली आदि शिक्षक गण व बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे ।आभार विद्यालय के प्रधानाचार्य नितिन अनुज विलियम्स ने व्यक्त किया ।



# मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री माननीय विश्वास सारंग जी का जन्म दिवस मनाया

प्रदीप वर्मा जिला संवाददाता

झांसी। इलाइट चौराहा झांसी पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री माननीय विश्वास सारंग जी का जन्म दिवस मना कर मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी समर्थक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम नारायण श्रीवास्तव, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रशांत सक्सेना, अविनाश सक्सेना, आनन्द कुमार सक्सेना पवन श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, मधुर वर्मा, लखन लाल सक्सेना, अरविंद सक्सेना, अंबिका प्रसाद श्रीवास्तव, लतेश शर्मा, जुगल किशोर, अनिल मौर्य, पियूष शर्मा, राशिद खान आदि उपस्थित रहे।




# गरीबो असहायों के लिए नि:शुल्क भोजन उपलब्ध कराना महान कार्य– डा. आशीष सिंह

सुल्तानपुर। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ द्वारा साप्ताहिक कार्यक्रम में प्रत्येक बृहस्पतिवार को राजकीय मेडिकल महाविद्यालय एव जिला चिकित्सालय तथा रेलवे स्टेशन पर मरीजो तीमारदारों यात्रियों तथा जरूरतमन्दों को निःशुल्क भोजन वितरण कार्य सम्पन्न। देर शाम बृहस्पतिवार को अध्यक्ष मेराज अहमद खान के नेतृत्व में राजकीय मेडिकल कालेज एव जिला चिकित्सालय में 315 लाभर्थियों लोगो को मशहूर चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ आशीष सिंह ने मुफ्त भोजन की थाली देकर शुभारंभ किया। डॉ आशीष सिंह ने कहा कि अस्पताल में ऐसे–ऐसे मरीज आते है जिनके पास पैसा का अभाव होता है भोजन की व्यवस्था नही रहती है ऐसे गरीबो असहायों के लिए निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराना बहुत महान कार्य है। उधर सुल्तानपुर रेलवेस्टेशन पर 133 लाभर्थियों को डिप्टी स्टेशन सुपरिंटेंडेंट अफसर खान और ट्रेन मैनेजर सुल्तानपुर अरुण मिश्रा ने निःशुल्क भोजन वितरण का शुभारंभ किया गया। असफर खान ने कहा कि संस्था द्वारा भूखें लोगो मुफ्त खाना उपलब्ध कराया जा रहा है जो बहुत नेक एव सराहनीय कार्य है। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के मार्गदर्शक ने बताया कि मेडिकल कालेज और रेलवे स्टेशन पर 448 लाभार्थियो को पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण अरहर की दाल, सब्जी रोटी चावल की निःशुल्क भोजन की थाली वितरित की गई। मुहम्मद अरशद पवार, प्रदीप श्रीवास्तव, नफीसा बानों, सुहेल सिद्दीकी सत्य प्रकाश वर्मा, डॉ शादाब खान, विजय निगम, जितेन्द्र कुमार मौर्य, सिंकन्दर वर्मा, मुहम्मद मुज्तबा अंसारी, राशिद वर्दी टेलर, आतिफ खान, चुन्ने ,भोलू, इस्लाम खान पप्पू,जावेद अहमद, शमशुद्दीन आदि का अहम सहयोग रहा।

# एकीकृत बागवानी विकास मिशन एवं औद्यानिक विकास योजना अन्तर्गत बीज विक्रयध्वितरण एवं सत्यापन हेतु

सुलतानपुर एकीकृत बागवानी विकास मिशन एवं औद्यानिक विकास योजना (एस0सी0पी0) अन्तर्गत बीज विक्रयध्वितरण एवं सत्यापन हेतु दिनांक 29.12.2023 को कृषि विज्ञान केन्द्र सुलतानपुर में मेले का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा स्टॉल लगाकर कृषकों को बीज दिया गया साथ ही वैज्ञानिकों द्वारा मेले में आये कृषकों को सब्जीध्प्याजध्पुष्प की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही मौके पर ही कृषकों द्वारा क्रयध्वितरित बीज का विभाग द्वारा सत्यापन किया गया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में व्यापार बन्धु की बैठक हुई आयोजित।



संवाददाता।

सुलतानपुर जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में बिरसिंहपुर स्थित जिला पंचायत के दुकानों के बकाया किराया न जमा करने के सम्बन्ध में सभा को अवगत कराया गया कि आवंटियोंध्उनके प्रतिनिधियों द्वारा दिनांक 20.12.2023 को जिला पंचायत कार्यालय में उपस्थित होकर 15 दिन के अन्दर बकाया धनराशि जमा करने एवं दुकानें खाली करने का सहमति पत्र दिया गया। नगर पालिका परिषद द्वारा अवैध पार्किंग संचालित किये जाने, शहर के विभिन्न जगहों पर लोडिंग अनलोडिंग के नाम पर वसूली एवं शहर में जाम व यातायात से होने वाली असुविधा से सम्बन्धित विषय हेतु जिस कमेटी का गठन हुआ है, उसकी बैठक कमेटी के अध्यक्ष अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) की अध्यक्षता में जनवरी के प्रथम सप्ताह में रखने के निर्देश दिये गये, जिसमें नगर पालिका एवं यातायात से सम्बन्धित सभी मुद्दों को रखते हुए उन सभी मामलों पर की गयी कृत कार्यवाही से अगले व्यापार बन्धु की बैठक में अवगत कराने के निर्देश दिये गये।बैठक में व्यापारियों द्वारा बिजली का कम प्रयोग होते हुए भी आये हुए अत्यधिक विद्युत बिल के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी द्वारा व्यापारियों से कहा गया कि वो जिन–जिन व्यापारियों के विद्युत बिल में शिकायत है, उनकी एक सूची बनाते हुए चरणबद्ध तरीके से प्रस्तुत करें एवं इस सम्बन्ध में अधीक्षण अभियन्ता विद्युत विभाग, सुलतानपुर को निर्देश दिये गये कि उन सभी का विद्युत बिल की शिकायत का निस्तारण करें। बांट–माप विभाग द्वारा लाइसेंस हेतु निर्धारित फीस की सूची उपलब्ध कराये जाने से सम्बन्धित विषय पर सभा को अवगत कराया गया कि उ0प्र0 विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) नियमावली, 2011 के अन्तर्गत व्यापारियों के लाइसेंसध्सत्यापन संबंधी शुल्क ऑनलाइन विभागीय वेब पोर्टल www-legalmetrology-up-gov-in पर उपलब्ध है। व्यापारीगण शुल्क सम्बन्धी सूचना कार्यालय वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान, सुलतानपुर द्वारा भी निर्धारित कार्य दिवसों में प्राप्त कर सकते हैं। अतः इस बिन्दु को अध्यक्ष महोदया की अनुमति से व्यापार बन्धु के एजेण्डा से निरसित किया जाता है। बैठक में मिठाई एवं रेस्टोरेन्ट व्यापारियों के फूड सैम्पलिंग से सम्बन्धित विषय पर सभा को अवगत कराया गया कि निरीक्षण एवं सैम्पलिंग का कार्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 एवं तत्सम्बन्धी नियमावली, 2011 में निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा किया जाता है। आयुक्त महोदया, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में चलाये जाने वाले विशेष अभियान में की गयी कृत कार्यवाही की सूचना सामान्य रूप से प्रेसध मीडिया में नियमानुसार दी, जाती है। उक्त के अतिरिक्त विभिन्न समाचार पत्रोंध्पत्रकारों द्वारा स्वयं खबर प्रकाशित की जाती है। बैठक में व्यापारियों द्वारा गोपालदास पुल के निर्माण कार्य में हो रही देरी के सम्बन्ध में बात रखी गयी जिसके सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग द्वारा सभा को अवगत कराया गया कि 15 जनवरी तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक, मुख्य राजस्व अधिकारी शैलेन्द्र मिश्र, उपायुक्त उद्योग, सहायक आयुक्त राज्य कर, जिला आबकारी अधिकारी, उप चिकित्सा अधिकारी, लीड बैंक प्रतिनिधि, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत, सुलतानपुर, अग्निशमन अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी, अवर अभियन्ता जिला पंचायत, सहायक अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम, मंडी पर्यवेक्षक मण्डी समिति, प्रमुख बैंकों के प्रबन्धक, जिले के प्रमुख व्यवसायी, उद्यमी व अन्य विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

# गांव के मार्ग के लिए दस बिस्वा दान कर चर्चा में आए रामशंकर शर्मा

मिल्कीपुर–अयोध्या। विकासखंड मिल्कीपुर की ग्राम पंचायत किनौली के मजरे पूरे समाधान में लगभग 6 लाख की लागत से बने सीसी मार्ग का समाजसेवी व किनौली ग्राम सभा के प्रधान प्रतिनिधि धर्मचंद यादव ने फीता काटकर लोकार्पण किया लोकार्पण के बाद आयोजित सम्मान समारोह को सम्मानित करते हुए समाजसेवी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि हर आदमी तक सरकारी योजना का लाभ पहुंचे इसी के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं और लोगों के सुख–दुख में हमेशा खड़ा रहूंगा, आगे संबोधित करते हुए उन्होंने कहा राम शंकर शर्मा समाज के लिए नजीर हैं जिन्होंने इस मार्ग के लिए अपना 10 विस्वा दान में दे दिया, अगर ऐसे ही लोग हो जाएं तो हर ग्राम सभा में नाली और रास्ते का झगड़ा ही खत्म हो जाए । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गन्ना समिति के चेयरमैन संतोष सिंह ने कहा समाज को ऐसे ही समाजसेवी व प्रधान की जरूरत है कि जो सुख–दुख में अपनी जनता के साथ खड़ा रहे

# हिंदू धर्म को धोखा धंधा बताने पर स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग

प्रदीप वर्मा जिला संवाददाता

झांसी!! आज राष्ट्रभक्त संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अंचल अर्जरिया के नेतृत्व में स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा हिंदू सनातन का अपमान करने हिंदू धर्म को धोखा धंधा बताने पर स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई इसको लेकर नवाबाद थाने पर प्रदर्शन किया गया वह एक प्रार्थना पत्र थाना अध्यक्ष को सोपा गया इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य लगातार सनातन धर्म के खिलाफ टिप्पणियां कर रहे हैं ऐसा लगता है कि यह स्वयं हिंदू नहीं है और अगर इन्हें हिंदू होने में इतना ही दर्द है तो जाकर के मुस्लिम बन जाए झांसी पुलिस इन पर मुकदमा कायम करके इनको पड़कर झांसी ले जिससे इनका उचित इलाज हो सके मानसिक रूप से विक्षेप्टता भरी बातें करते हुए कभी रामचरितमानस की चौपाइयों को गलत बताते हैं कभी साधु संतों को भगवा आतंकवादी कहते हैं 70 साल की उम्र होने के कारण मानसिक संतुलन खो बैठे हैं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव इनको तुरंत बर्खास्त करें इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदर्शन में अल्पेश शर्मा सोनू रैकवार चंचल मिश्रा अभिषेक दीपक वर्मा मनजीत गोलू राजपूत सोमदत्त पीयूष राहुल अमन गोविंद शर्मा सहित दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# मलिन बस्तियों में जाकर किए गर्म कपड़े वितरित

झांसी! राम राजा बृज सेवा सदन संस्था के सदस्यों ने ठंड से गरीब लोगों को राहत दिलाने के लिए सोमवार को मलिन बस्ती में जाकर जरूरतमंदों को गर्म कपड़े वितरित किए, जिसे पाकर उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान पल्लवी चतुर्वेदी ने कहा कि संस्था के सदस्यों ने गरीब लोगों की मदद के लिए पहले घर–घर जाकर उनसे गरीब लोगों की मदद करने के लिए घर में रखे गर्म कपड़े देने की अपील की। इस पर कुछ लोगों की गरीबों की मदद के लिए गर्म कपड़े निकालकर रखे, जो संस्था के सदस्यों ने एकत्र कर लिए। इसके बाद सोमवार को सभी सदस्य एकत्र होकर मलिन बस्ती आई टी आई में गए और उन्हें गर्म कपड़े, वितरित किए गए। इसके अलावा रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन तथा सड़क किनारे बैठे लोगों को भी गर्म कपड़े वितरित किए गए, जिसे पाकर उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने कहा कि संस्था समय–समय पर समाज के लिए ऐसे कार्य करती रहती है इस दौरान पल्लवी चतुर्वेदी, दिलीप चतुर्वेदी,अशोक पांडेय, प्रफुल सक्सेना,सीमा चौबे आदि उपस्थित रहे।



# आर.पी.एफ.महानिरीक्षक का आर.पी.एफ.मित्र योजना समिति ने किया स्वागत एव सम्मान

विकास शर्मा/राशिद पठान झांसी झाँसी! आर.पी.एफ. महानिरीक्षक प्रयागराज ए.एन. सिन्हा के झाँसी आगमन पर आर.पी.एफ. मित्र योजना समिति उ.म.रे. झाँसी ने उनसे मुलाकात कर स्वागत एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वर्ष 2023 में आर.पी.एफ. मित्र योजना समिति के द्वारा आर.पी.एफ.वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन के साथ मिलकर जो जागरूकता अभियान चलाए गये उनके बारे में जानकारी दी गयी। समय–समय पर यात्रियों की सुरक्षा, जहरखुरानी रोकने एवं स्वच्छता के लिए पर्चे बैनर पोस्टर के द्वारा यात्रियों को जागरूकता के सम्बन्ध में भी जानकारी उपलब्ध कराई गई महानिरीक्षक सिन्हा द्वारा आर.पी.एफ.मित्र योजना समिति की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बहुत ही अच्छा कार्य है भविष्य में भी ऐसे अभियान चलायें जायें , विद्यालयो में भी बच्चों को तथा रैली आयोजित कर स्थानीय नागरिकों को भी जागरुक किया जाये। कोई भी व्यक्ति व यात्री कान में मोबाइल लीड लगाकर ट्रैक पार न करें तथा पुल को उपयोग में लायें। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से श्री विवेकानंद नारायण वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त आर.पी.एफ. झाँसी, रविंद्र कौशिक प्रभारी निरीक्षक झाँसी स्टेशन, आर.पी.एफ. मित्र योजना समिति से पं. सियाराम शरण चतुर्वेदी सचिव, आनन्द कुमार सक्सेना, संदीप साहू, लतेश शर्मा, पियूष शर्मा, जुगल किशोर कुशवाहा, मोहम्मद राशिद पठान आदि उपस्थित रहे।



# अधिवक्ता समिति के जगदम्बा प्रसाद अध्यक्ष व वेद प्रकाश श्रीवास्तव महामंत्री निर्वाचित

जय प्रकाश मिश्रा जौनपुर। मछलीशहर अधिवक्ता समिति के पदाधिकारियों के चुनाव चार पदों पर हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर जगदम्बा प्रसाद मिश्र व महामंत्री पद पर वेद प्रकाश श्रीवास्तव निर्वाचित घोषित किए गए। अध्यक्ष पद पर जगदम्बा प्रसाद मिश्र को 119 मत ,हुबेदार पटेल को 91 मत व बृजेश श्रीवास्तव को 59 मत मिले,महामंत्री पद पर वेद प्रकाश श्रीवास्तव को 142 मत,नंद लाल यादव को 90 व,शिव प्रसाद मौर्य को 36 मत मिले उपाध्यक्ष 2 पद 10 वर्ष से अधिक अनुभव के लिए रतन लाल गुप्ता 173 व राजेश कुमार 108 मत पाकर विजई हुए जबकि जितेंद्र प्रसाद यादव को मात्र 101 मत मिले उपाध्यक्ष एक पद 10वर्ष से कम अनुभव के लिए उदय प्रताप यादव 172 मत पाकर निर्वाचित हुए व संदीप श्रीवास्तव को मात्र 91 मत मिला। जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह,कोषाध्यक्ष पद पर रमेश चंद्र यादव,संयुक्त सचिव प्रकाशन पद पर संदीप कुमार सिंह,संयुक्त सचिव पुस्तकालय के लिए कुंवर बहादुर, आय व्यय निरीक्षक के लिए धर्म प्रकाश दूबे,सदस्य कार्यकारिणी 6 पद पर 15 वर्ष से कम अनुभव के लिए अनुपम यादव,धर्मेंद्र सिंह,प्रदीप कुमार सरोज,शिव कुमार,मनोज कुमार पाल,राम प्रसाद व सदस्य कार्य कारिणी 15 वर्ष अनुभव से अधिक 6 पद के लिए अजय कुमार यादव का निर्विरोध निर्वाचित हुए ।कुल 286 मतदाताओं में 269 मतदाताओं ने मतदान किया था ।एल्डर्स कमेटी(चुनाव अधिकारी)दिनेश चंद्र सिन्हा,केदार नाथ यादव,राजेंद्र प्रसाद सिंह,अशोक कुमार श्रीवास्तव,राम आसरे द्विवेदी,इंदू प्रकाश सिंह,भरत लाल यादव,बाबू राम,कुंवर भारत सिंह,अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद,महामंत्री बनवारी राम मौर्य की उपस्थिति में मतगणना कार्य सम्पन्न हुआ।



# पाकिस्तान से हाफिज सईद को मांगने पर क्या बोला भारत, सामने आया विदेश मंत्रालय का बयान

बागची ने आज एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हाफिज सईद भी संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी है। बागची ने कहा कि हमने प्रासंगिक सहायक दस्तावेजों के साथ पाकिस्तान सरकार को एक विशेष मामले में मुकदमे का सामना करने के लिए उसे भारत प्रत्यर्पित करने का अनुरोध किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदमन बागची ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने 26ध्11 मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के भारत प्रत्यर्पण के लिए पाकिस्तान को अनुरोध भेजा है। बागची ने कहा कि यह पाकिस्तान से देश में मुकदमे का सामना करने के लिए आतंकवादी को सौंपने का हालिया अनुरोध था और सईद भारत में कई मामलों में वांछित है। सईद को भारत के सबसे वांछित आतंकवादियों में से एक के रूप में सूचीबद्ध किया गया है और 2008 के मुंबई हमलों में उसकी कथित संलिप्तता के लिए अमेरिका द्वारा उस पर 10 मिलियन डॉलर का इनाम रखा गया है। 26 नवंबर 2008 को चार दिनों के दौरान किए गए हमलों में 166 लोग मारे गए और 300 घायल हो गए। बागची ने आज एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हाफिज सईद भी संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी है। बागची ने कहा कि हमने प्रासंगिक सहायक दस्तावेजों के साथ पाकिस्तान सरकार को एक विशेष मामले में मुकदमे का सामना करने के लिए



उसे भारत प्रत्यर्पित करने का अनुरोध किया है। विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि सरकार उन गतिविधियों के मुद्दे को पाकिस्तानी सरकार के सामने रख रही है जिनके लिए हाफिज सईद वांछित है। प्रेस ब्रीफिंग उस हालिया घटनाक्रम के बीच आई है जिसमें कहा गया है कि हाफिज सईद समर्थित पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल) पाकिस्तान में आगामी आम चुनाव लड़ेगी।

विशेष रूप से, हाफिज सईद का बेटा तल्हा सईद भी दौड़ में है और नेशनल असेंबली के निर्वाचन क्षेत्र छ।–127, लाहौर से चुनाव लड़ेगा।

# बंधकों की मदद की चीख को इजराइली सैनिकों ने समझ लिया हमास का हमला, अपने ही नागरिकों पर गोली चलाने की सामने आई वजह

इजराइल सेना ने गुरुवार को अपने निष्कर्ष प्रकाशित किए और निष्कर्ष निकाला कि घटना में कोई दुर्भावना नहीं थी और सैनिकों ने उस समय घटना की अपनी सर्वोत्तम समझ के अनुसार सही कार्रवाई की। सेना ने कहा कि इजरायली सैनिकों ने 15 दिसंबर को गाजा में तीन इजरायली बंधकों की हत्या कर दी, जब उसने मदद के लिए उनकी पुकार को हमास आतंकवादियों द्वारा उन्हें घात में फंसाने की चाल समझ लिया, और निष्कर्ष निकाला कि सैनिकों ने अपनी सर्वोत्तम समझ के अनुसार सही काम किया। 15 दिसंबर को सेना ने तुरंत उन तीन बंधकों की हत्या की जिम्मेदारी ले ली, जिन्हें दक्षिणी इजराइल के कस्बों पर हमास के 7 अक्टूबर के हमले के दौरान आतंकवादियों द्वारा अपहरण कर लिया गया था। वे फिलिस्तीनी समूह द्वारा बंधक बनाए गए 240 लोगों में से थे। इजराइल सेना ने गुरुवार को अपने निष्कर्ष प्रकाशित किए और निष्कर्ष निकाला कि घटना में कोई दुर्भावना नहीं थी और सैनिकों ने उस समय घटना की अपनी सर्वोत्तम समझ के अनुसार सही कार्रवाई की। बयान में कहा गया है कि सेना प्रमुख जनरल हर्जी हलेवी ने मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन करने के अत्यधिक महत्व पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में जहां कोई तत्काल खतरा नहीं है और पहचान स्पष्ट दुश्मन की नहीं है, मौका देखते हुए गोली चलाने से पहले एक पल की जांच की जरूरत है। गाजा शहर के शेजैया इलाके में इजरायली



सैनिकों के पास पहुंचने पर तीन बंधकों की हत्या ने इजरायलियों को हिलाकर रख दिया। जांच में पाया गया कि लड़ाई के गहन दिनों के दौरान, ऐसी कोई खुफिया जानकारी नहीं थी जो यह दर्शाती हो कि बंधकों को उन इमारतों में रखा जा रहा था जहां सैनिकों को भारी गोलीबारी का सामना करना पड़ा था। सेना ने कहा कि फुटेज से पता चलता है कि बंधकों ने अपनी शर्ट उतार दी थी और उनमें से एक सफेद झंडा लहरा रहा था, लेकिन उनके शवों की जांच के बाद ही उनकी पहचान बंधक के रूप में की गई। मदद के लिए बंधकों की पुकार को भी आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में सैनिकों को शामिल करने के प्रयास के धोखे के रूप में गलत समझा गया।

# अमेरिका में एच–1बी वीजा को लेकर बड़ा फैसला, आवेदन प्रीमियम प्रसंस्करण शुल्क 12% बढ़ाया



यूएससीआईएस स्थिरीकरण अधिनियम के अनुसार, नवीनतम प्रसंस्करण शुल्क परिवर्तन में एच–1बी वीजा के लिए आवेदन शामिल हैं। ये आवेदन फॉर्म –129 के अंतर्गत आते हैं, जो एक गैर–आप्रवासी कर्मचारी के लिए एक याचिका है। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने एच–1बी वीजा आवेदनों के लिए प्रीमियम प्रोसेसिंग शुल्क में बढ़ोतरी की घोषणा की है। 12: की बढ़ोतरी के बाद नई फीस 2805 डॉलर हो जाएगी। यह बदलाव अगले साल 26 फरवरी को लागू होगा। 27 दिसंबर को घोषणा के अनुसार, फॉर्म –129, –140, –539 और –765 के लिए प्रीमियम प्रोसेसिंग फीस बढ़ गई है। यूएससीआईएस स्थिरीकरण अधिनियम के अनुसार, नवीनतम प्रसंस्करण शुल्क परिवर्तन में एच–1बी वीजा के लिए आवेदन शामिल हैं। ये आवेदन फॉर्म –129 के अंतर्गत आते हैं, जो एक गैर–आप्रवासी कर्मचारी के लिए एक याचिका है। वर्तमान शुल्क +2,500 है. हालाँकि, 12: बढ़ोतरी के बाद, नई फीस +2805 होगी, जो अगले वर्ष से प्रभावी होगी। फॉर्म –129 के अन्य वर्गीकरणों में स1 भी शामिल है, जो इंटरकंपनी ट्रांसफर वीजा के लिए दाखिल किया जाता है। यह वृद्धि जून 2021 से जून 2023 तक मुद्रास्फीति को दर्शाती है। इसका उपयोग प्रीमियम प्रसंस्करण सेवाएं प्रदान करने, निर्णय में सुधार और प्रतिक्रिया देने और अन्य यूएससीआईएस सेवाओं के लिए किया जाएगा। इसके अलावा, यूएससीआईएस भविष्य में प्रीमियम प्रसंस्करण शुल्क में द्विवार्षिक वृद्धि जारी रखेगा। विभिन्न वर्गीकरणों में बढ़ी हुई फीस की तालिका नीचे दी गई है।

# इमरान खान संग जेल में चुनाव संबंधी मीटिंग कर सकेंगे नेता, कोर्ट ने दी इजाजत

याचिका में अदालत से अदियाला जेल के अधीक्षक को अपनी कानूनी टीम के साथ परामर्श के दौरान इमरान के लिए गोपनीयता सुनिश्चित करने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया। चुनाव कार्यक्रम जारी होने के साथ ही प्रमुख राजनीतिक दलों के खेमों में चुनाव संबंधी गतिविधियां शुरू हो गई हैं। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने पीटीआई नेताओं और वकीलों को अदियाला जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से मिलने और 8 फरवरी के चुनावों के लिए चुनावी बैठकें करने की अनुमति दे दी। यह आदेश न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब ने इमरान द्वारा दायर एक याचिका पर पारित किया, जिसमें पार्टी के सदस्यों असद कैसर, जुनैद अकबर खान, सीनेटर औरंगजेब खान और दोस्त मोहम्मद खान और इश्तियाक मेहरबान सहित अन्य के साथ आगे की रणनीति बनाने के लिए बैठक करने की अनुमति मांगी गई थी।याचिका में अदालत से अदियाला जेल के अधीक्षक को अपनी कानूनी टीम के साथ परामर्श के दौरान इमरान के लिए गोपनीयता सुनिश्चित करने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया। चुनाव कार्यक्रम जारी होने के साथ ही प्रमुख राजनीतिक दलों के खेमों में चुनाव संबंधी गतिविधियां शुरू हो गई हैं। रविवार को नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि समाप्त होने के साथ ही चुनाव कार्यक्रम पूरी तरह से चल रहा है। रिटर्निंग अधिकारी 25 दिसंबर से 30 दिसंबर तक नामांकन पत्रों की जांच करेंगे। इससे पहले, पीटीआई के अध्यक्ष गौहर खान ने कहा था कि टिकट आवंटित करने का निर्णय अभी भी इमरान ही लेंगे। इस बीच, बैरिस्टर अली जफर ने कहा था कि जब टिकटों के आवंटन की बात आएगी तो जेल में बंद पीटीआई कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। पाकिस्तान के अटॉर्नी–जनरल (एजीपी) मंसूर उस्मान अवान, पीटीआई वकील और अदियाला जेल अधीक्षक आईएचसी में पेश हुए। शुरुआत में पीटीआई के वकील शोएब शाहीन ने कहा कि पार्टी को 700 टिकटों के आवंटन के लिए चर्चा करने की जरूरत है, जबकि एजीपी ने याचिका की विचारणीयता पर आपत्ति जताई। न्यायमूर्ति औरंगजेब ने अवान की दलीलों पर नाराजगी व्यक्त की और पूछारू क्या सुप्रीम कोर्ट का अतिरिक्त नोट आपके लिए अपर्याप्त है? क्या आप चाहते हैं कि मैं आपके खध्लिाफ भी एक नोट लिखूं? उन्होंने सिफर मामले में न्यायमूर्ति अतहर मिनल्लाह के अतिरिक्त नोट के संदर्भ में ये टिप्पणियां पारित कीं।

# डिप्लोमेसी, अमीर के साथ मुलाकात और वो संधि 8 पूर्व नौसैनिकों को मोदी सरकार ने कैसे फांसी के फंदे से बचाया, जानें सीक्रेट डील की इनसाइड स्टोरी

दिसंबर 2014 में केंद्रीय कैबिनेट ने कतर के साथ संधि को हरी झंडी दे दी थी, जिसके तहत कतर में या इसके विपरीत कैद भारतीय कैदियों को उनके देश में स्थानांतरित किया जा सकता है ताकि वे अपने परिवारों के पास रह सकें। मोदी है तो मुमकिन है। सियासी मिजाज में लोगों को भले ही ये महज एक नारा लगे, लेकिन जमीन पर इसका असर सात समुंदर पार भी दिखाई पड़ रहा है। कतर में 28 दिसंबर को जो कुछ भी हुआ उससे न सिर्फ सजा–ए–मौत पाने वाले आठ नौसैनिकों और उनके परिवार के चेहरे खिले हैं बल्कि करोड़ों भारतीयों को भी ये राहत देने वाली खबर है। कतर में फंसे भारीतय नेवी के आठ पूर्व अफसरों की सजा पर रोक ऐसे ही नहीं लगी है। ये भारत के कूटनीतिक जीत की कहानी है। ये पीएम मोदी के कतर के शेख तमीम बिन अमद अल थानी से मुलाकात और सैकड़ों फोन कॉल्स का ही असर है कि भारत को इस मामले में बड़ी जीत मिली है। मनमुताबिक रिजल्ट के बाद आया विदेश मंत्रालय का बयान भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि कतर की कोर्ट से आठ भारतीयों की सजा को कम कर दिया गया है। विस्तृत फैसले का इंतजार है। हम लीगल टीम और आठों भारतीयों के परिवार के संपर्क में हैं। कोर्ट में सुनवाई के दौरान भारतीय राजदूत और दूसरे अधिकारी मौजूद थे। हम शुरू से ही आठों भारतीयों के साथ खड़े थे और आगे भी सभी कानूनी व कॉस्लर मदद करते रहेंगे। इस मामले को कतर के अधिकारियों के सामने आगे भी उठाते रहेंगे। मतलब मोदी सरकार बस इतने पर ही नहीं रुक गई कि फांसी की सजा तो रुक गई लेकिन बाकी की जिंदगी वो जेल में ही रहेंगे। अब इनकों वहां से बचाने के लिए क्या करना है इस पर फोकस किया जा रहा है। पीएम मोदी ने कैसे कतर को दिया मैसेज पीएम मोदी फांसी की सजा पाए आठ भारतीयों के लिए चिंतित थे। भले ही पीएम मोदी ने सीधे–सीधे इस मामले का जिक्र नहीं किया। लेकिन बिना कहे भी कतर तक अपना मैसेज पहुंचा दिया था। 1 दिसंबर 2023 को संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के दौरान कतर के अमीर शेख तमीम बिन अमद अल थानी से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने कतर के शेख से आठ भारतीयों को फांसी की सजा के मुद्दे पर बात नहीं की थी। लेकिन पीएम मोदी ने मुलाकात के बाद जो ट्वीट किया था उससे पता चलता है कि पीएम मोदी ने कतर के शेख को क्या मैसेज दिया था। पीएम मोदी ने ट्वीट में लिखा था कि दुबई में जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के दौरान कतर के अमीर शेख तमीम बिन अमद अल थानी से मुलाकात हुई। हम दोनों के बीच भारत और कतर के बीच द्विपक्षीय साझेदारी की संभावना और कतर में भारतीय समुदाय के हितों पर अच्छी चर्चा हुई है। पीएम मोदी और कतर के अमीर शेख के मुलाकात के तीन दिन बाद ही भारत के राजदूत आठों पूर्व नौसेनिकों से मुलाकात भी की थी और उन्हें तभी भरोसा दिला दिया था कि जल्द ही कोई बड़ा फैसला हो सकता है। मोदी काम करते रहे विपक्ष आरोप लगाते रहे ग्लोबल डिप्लोमेसी में बहुत सारी चीजें अंदरखाने चलती हैं। जिसकी पब्लिक डोमेन में चर्चा नहीं होती है। कांग्रेस, एआईएमआईएम समेत कई दलों के नेताओं ने इस पर सरकार को घेरा था। एआईएमआईएम ने नेता असदुदीन ओवैसी ने कहा था कि अगस्त में मैंने कतर में फंसे हमारे पूर्व नौसेना अधिकारियों का मुद्दा उठाया था। उन्हें मौत की सजा सुनाई गई है। नरेंद्र मोदी ने दावा किया है कि इस्लामिक देश उनसे कितना प्यार करते हैं। उन्हें हमारे पूर्व नौसेना अधिकारियों को वापस लाना होगा। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि उन्हें मृत्युदंड का सामना करना पड़ा। वहीं कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने भी ट्वीट करते हुए सरकार पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा कि 7 दिसंबर 2022 को मैंने कतर में आठ सेवानिवृत्त वरिष्ठ नौसेना कर्मियों की हिरासत का मुद्दा लोकसभा में उठाया था। तब वे 120 दिनों तक एकान्त कारावास में रहे थे। मैं इस मुद्दे को संसद के अंदर और बाहर बार–बार



उठाता रहा। हमें पता चला कि सभी 08 को मौत की सजा सुनाई गई है। उनके परिवारों को कभी यह नहीं बताया गया कि उन पर क्या आरोप हैं। मुझे बताया गया है कि उनके बचाव के लिए नियुक्त वकील भी परिवारों के साथ टाल–मटोल कर रहा है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। एस जयशंकर परिवार के सदस्यों, पूर्व सैनिक लीग और यहां तक घ्धकि संसद सदस्यों की विनती को भी कभी गंभीरता से नहीं लिया। क्या है 2014 की वो संधि। दिसंबर 2014 में केंद्रीय कैबिनेट ने कतर के साथ संधि को हरी झंडी दे दी थी, जिसके तहत कतर में या इसके विपरीत कैद भारतीय कैदियों को उनके देश में स्थानांतरित किया जा सकता है ताकि वे अपने परिवारों के पास रह सकें। कतर के साथ संधि पर 2015 में कतर के विदेश मंत्री डॉ. खालिद बिन मोहम्मद अल अत्तियाह की भारत यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौते के तहत, कतर में दोषी ठहराए गए भारतीय कैदियों को उनकी सजा की शेष अवधि काटने के लिए भारत लाया जा सकता है। इसी तरह भारत में दोषी ठहराए गए कतरी नागरिकों को सजा काटने के लिए उनके देश भेजा जा सकता है। यह समझौता सजायाफ्ता व्यक्तियों को उनके परिवारों के पास रहने में सक्षम बनाएगा और उनके सामाजिक पुनर्वास की प्रक्रिया में मदद करेगा। किन देशों के साथ है ये संधि? कतर उन 30 से अधिक देशों में से एक है जिसके साथ भारत का ऐसा समझौता है। इन देशों में ब्रिटेन, मॉरीशस, बुल्गारिया, ब्राजील, कंबोडिया, मिस्र, फ्रांस, बांग्लादेश, दक्षिण कोरिया, सऊदी अरब ईरान, कुवैत, श्रीलंका, यूएई, मालदीव, थाईलैंड, तुर्की, इटली, बोस्निया और हर्जेगोविना, इजरायल, रूस, वियतनाम और ऑस्ट्रेलिया है।

# इजरायल हमास बड़ी मुसीबत की सुगबुगाहट. ..इजराइल–हमास संघर्ष का असर

दक्षिणी इजराइल में शुरुआती हिंसा और फिर गाजा पट्टी में इजराइल रक्षा बलों के अभियान के कारण हुई मौत और विनाश से ग्राफिक वीडियो और तस्वीरों के माध्यम से हमास के चतुर उपयोग ने कई देशों में हमास समर्थक भावना पैदा की है। इजरायल और हमास के बीच बीते तीन महीने से छिड़ी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। अमेरिका, ईरान समेत बाहरी देशों की भागीदारी और क्षेत्रीय शक्तियों द्वारा प्रॉक्सी के माध्यम से भू–राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को साधने की वजह से पश्चिम एशिया की स्थिरता लगातार प्रभावित हो रही है। । हालाँकि, भू–राजनीतिक निहितार्थों से परे इस संघर्ष के परिणामस्वरूप आतंकवादी हिंसा और कट्टरपंथ का खतरा छिपा हुआ है। दक्षिणी इजराइल में शुरुआती हिंसा और फिर गाजा पट्टी में इजराइल रक्षा बलों के अभियान के कारण हुई मौत और विनाश से ग्राफिक वीडियो और तस्वीरों के माध्यम से हमास के चतुर उपयोग ने कई देशों में हमास समर्थक भावना पैदा की है। इसने अल–कायदा (एक्यू) और इस्लामिक स्टेट (आईएस) जैसे पैन–इस्लामिक आतंकवादी समूहों के साथ–साथ अन्य क्षेत्रीय आतंकवादी संगठनों के



लिए एक प्रोत्साहन के रूप में काम किया है। दक्षिण एशिया में भी आतंकवादी संगठन और उनके समर्थक पश्चिम एशिया में विकास का उपयोग कट्टरपंथ को बढ़ावा देने और कमजोर, प्रभावशाली युवाओं को अपने खेमे में लाने के लिए कर रहे हैं। वैश्विक परिदृश्य दुनिया भर के आतंकवाद–रोधी विशेषज्ञों ने गौर किया है कि इजराइल–हमास संघर्ष आतंकवादी खतरे के पुनरुत्थान का कारण बन सकता है। गाजा पट्टी में इजरायल के जवाबी हमलों की प्रकृति और पैमाने ने मुस्लिम दुनिया भर में अपेक्षित रूप से गुस्सा और निंदा पैदा की है। एक्यू जैसे आतंकवादी संगठनों ने अपनी प्रासंगिकता पर जोर देने के लिए इन भावनाओं का फायदा उठाया है। इजराइल पर हमास के हमले के कुछ दिनों बाद, उत्तर और पश्चिम अफ्रीका में एक्यू की फ्रेंचाइजी ने हमलों की सराहना की और यहूदियों के खिलाफ और अधिक हिंसा का आह्वान किया। इसी तरह, एक्यू के सोमाली सहयोगी, अल–शबाब ने हमास लड़ाकों की प्रशंसा की और इसे संपूर्ण मुस्लिम उम्माह की लड़ाई करार दिया। यूरोप में पश्चिम एशियाई घटनाक्रम का असर पहले ही हो चुका है। 7 अक्टूबर के बाद से फ्रांस में दो आतंकवादी हमले हुए हैं। उत्तरी फ्रांस में एक शिक्षक का सिर कलम करना (13 अक्टूबर), और पेरिस में एक पर्यटक को चाकू मारना (3 दिसंबर), और ब्रूसेल्स, बेल्जियम में एक हमला (16 अक्टूबर, हालाँकि अधिकारियों द्वारा इसे स्पष्ट रूप से इजराइल–हमास शत्रुता से नहीं जोड़ा गया है)। इन हमलों ने सुरक्षा एजेंसियों के बीच इस चिंता को बढ़ा दिया है कि इजराइल–हमास शत्रुता संभावित रूप से आतंकवादी कट्टरपंथ के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य कर रही है जो अकेले–भेड़िया आतंकवादी हिंसा की एक नई लहर को ट्रिगर कर सकती है। इस कट्टरपंथ को हमास की दुष्प्रचार और प्रचार रणनीति से भी बढ़ावा मिल रहा है, जो गाजा पट्टी में इजरायली जमीन और हवाई हमले से स्पष्ट छवियों और वीडियो का उपयोग करके अपने कार्यों के लिए सहानुभूति उत्पन्न करने की कोशिश कर रहा है। अपने दुष्प्रचार और प्रचार को आगे बढ़ाने के लिए, समूह ने श्ग्श (पूर्व में ट्विटर) सोशल प्लेटफॉर्म और टेलीग्राम एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग सेवा का उपयोग किया है। हाल ही में, शोधकर्ताओं ने श्एक्सश प्लेटफॉर्म पर 67 खातों के एक प्रचार नेटवर्क का पता लगाया जो युद्ध से संबंधित झूठी, भड़काऊ सामग्री पोस्ट करने के अभियान का समन्वय और प्रसार कर रहा था। टेलीग्राम पर, हमास से जुड़े चौनल नियमित रूप से अपने हमले के हिंसक ग्राफिक्स पोस्ट करते हैं और इजरायली छापे के कारण गाजा पट्टी में नागरिक हताहतों के पहलू को उजागर करते हैं। इसने दुष्प्रचार के लिए पर्याप्त चारा प्रदान किया है और जमीनी स्तर पर सटीक स्थिति के बारे में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की समझ को खध्राब किया है। भारत इससे अछूता नहीं भारत में भी हालात अलग नहीं हैं। हमास के हमले के बाद से सुरक्षा प्रतिष्ठान ने देश में इजराइल–फिलिस्तीन मुद्दे पर हो रही लामबंदी पर कड़ी नजर रखी है, केरल और महाराष्ट्र विशेष चिंता वाले राज्यों के रूप में उभरे हैं। उदाहरण के लिए, केरल में, जमात–ए–इस्लामी की युवा शाखा, सॉलिडैरिटी यूथ मूवमेंट (एसवाईएम) द्वारा मलप्पुरम में 27 अक्टूबर को बुलाई गई फिलिस्तीन समर्थक रैली में हमास के पूर्व प्रमुख खालिद मशाल की आभासी भागीदारी देखी गई। कतर में. हालांकि बैठक में हिंसा के लिए कोई आह्वान नहीं हुआ और हमास भारत में प्रतिबंधित संगठन नहीं है, राज्य में फिलिस्तीन समर्थक अभियान इस तरह से आयोजित किया जा रहा है जो हमास और उसके नेताओं को योद्धाओं के रूप में महिमामंडित करता है। फिलिस्तीन समर्थक भावनाओं का हमास समर्थक भावनाओं के साथ यह मेल चिंताजनक है और आतंकवादी हिंसा के औचित्य को स्थापित करता है। दिलचस्प बात यह है कि एसवाईएम ने इस कार्यक्रम को षहिंदुत्व और रंगभेदी यहूदीवाद को उखाड़ फेंकोष नामक अपने चल रहे अभियान के हिस्से के रूप में आयोजित किया। सुरक्षा एजेंसियों के आंकड़ों के मुताबिक, महाराष्ट्र में 7 अक्टूबर से 20 नवंबर के बीच पुणे, कोल्हापुर और ठाणे (मुंब्रा और भिवंडी) जिलों सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में 27 फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन हुए। कुछ विरोध रैलियाँ ऑनलाइन भी आयोजित की गईं।

# पाकिस्तान ने क्यों लगाई न्यू ईयर सेलिब्रेशन पर पाबंदी, सामने आई ये बड़ी वजह

राष्ट्र के नाम एक संक्षिप्त संबोधन में काकर ने फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने और नए साल पर संयम और विनम्रता प्रदर्शित करने का आग्रह किया।पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने गाजा में लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए देश में नए साल के जश्न पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। राष्ट्र के नाम एक संक्षिप्त संबोधन में काकर ने फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने और नए साल पर संयम और विनम्रता प्रदर्शित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीन की गंभीर चिंताजनक स्थिति को ध्यान में रखते हुए और हमारे



फिलिस्तीनी भाइयों और बहनों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए सरकार द्वारा नए साल के लिए किसी भी तरह के आयोजन पर सख्त प्रतिबंध लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर को इजरायली बमबारी शुरू होने के बाद से अब तक 21,000 से अधिक फिलिस्तीनियों को इजरायली बलों ने मार डाला है, जिन्होंने हिंसा और अन्याय की सभी हदें पार कर दी हैं और लगभग 9,000 बच्चे मारे गए हैं। पूरा पाकिस्तानी राष्ट्र और मुस्लिम जगत गाजा और वेस्ट बैंक में निर्दोष बच्चों के नरसंहार और निहत्थे फिलिस्तीनियों के नरसंहार पर बेहद पीड़ा की स्थिति में है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने फिलिस्तीन को दो सहायता पैकेज भेजे हैं जबकि तीसरा पैकेज तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान फिलिस्तीन को समय पर सहायता प्रदान करने और गाजा में मौजूद घायलों को निकालने के लिए जॉर्डन और मिस्र के साथ बातचीत में लगा हुआ है। काकर ने कहा कि पाकिस्तान ने विभिन्न वैश्विक मंचों पर फिलिस्तीनी लोगों की दुर्दशा को उजागर करने की कोशिश की है और भविष्य में भी इजरायली रक्तपात को रोकने के लिए ऐसा करना जारी रखेगा। पाकिस्तान में नए साल का जश्न परंपरागत रूप से इस्लामी समूहों के प्रभाव के कारण बहुत बड़ा नहीं होता है,

# पाकिस्तानी फूड के शौकीन हैं डे Dhoni, खुद किया खुलासा



वायरल वीडियो में एक शख्स को धोनी अच्छे खाने के बारे में पाकिस्तान घूमने के लिए सूझाव देते हैं। जिसके बाद व्यक्ति ने माही का शालीनता से पाकिस्तान जाने के लिए मना कर दिया। हालांकि, वीडियो को किसी तरह का नकारात्मकता नहीं दिखाई देती है। फैंस को भी ये वीडियो काफी पसंद आ रहा है। एमएस धोनी के फैंस इन दिनों सिर्फ आईपीएल 2024 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान ने पहले ही आईपीएल के आगाममी सीजन में अपनी उपस्थिति को स्पष्ट कर दिया है। इस बीच एमएस धोनी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वह एक शख्स को सलाह देते हुए नजर आ रहे हैं। दरअसल, वायरल वीडियो में एक शख्स को धोनी अच्छे खाने के बारे में पाकिस्तान घूमने के लिए सूझाव देते हैं। जिसके बाद व्यक्ति ने माही का शालीनता से पाकिस्तान जाने के लिए मना कर दिया। हालांकि, वीडियो को किसी तरह का नकारात्मकता नहीं दिखाई देती है। फैंस को भी ये वीडियो काफी पसंद आ रहा है। वीडियो में आप देखेंगे कि धोनी किसी को सुझाव देते हुए कह रहे हैं कि, तुम्हें एक बार खाने के लिए पाकिस्तान जाना चाहिए। सुझाव देने के बाद धोनी सामने खड़े शख्स की प्रतिक्रिया देखकर मुस्कुरा रहे हैं। हालांकि, धोनी किससे बात कर रहे हैं ये नजर नहीं आ रहा है। लेकिन उस शख्स ने धोनी से कहा कि मैं पाकिस्तान नहीं जा रहा हूं, भले ही आप मुझे अच्छे खाने का सुझाव देते हैं। मुझे खाना पसंद भी है, लेकिन मैं वहां नहीं जाउंगा। भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक संबंध हमेशा से ही अच्छे नहीं रहे हैं। यही कारण है कि वायरल वीडियो में फैन या व्यक्ति धोनी के सुझाव को पूरी तरह से नकारता नजर आ रहा है।

वहीं, धोनी को अगर पाकिस्तान का खाना पसंद है, तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं है।

# स्टीव स्मिथ कर रहे थे बाबर आजम को परेशान, पाक बल्लेबाज ने किया कुछ ऐसा हाथ जोड़ने लगा कंगारू बल्लेबाज



मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए बॉक्सिंग डे टेस्ट के चौथे दिन खत्म हुआ। पाकिस्तान को अंत में 79 रनों से हार झेलनी पड़ी। वहीं इस मुकाबले के दौरान जब बाबर आजम बैटिंग कर रहे थे, तो स्लिप में फील्डिंग कर रहे ऑस्ट्रेलियाई स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ उन्हें कुछ परेशान कर रहे थे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के दूसरे टेस्ट में हार का सामना करना पड़ा। इस सीरीज में मेजबान टीम 2–0 से आगे है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए बॉक्सिंग डे टेस्ट के चौथे दिन खत्म हुआ। पाकिस्तान को अंत में 79 रनों से हार झेलनी पड़ी। वहीं इस मुकाबले के दौरान जब बाबर आजम बैटिंग कर रहे थे, तो स्लिप में फील्डिंग कर रहे ऑस्ट्रेलियाई स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ उन्हें कुछ परेशान कर रहे थे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया में जारी ये टेस्ट सीरीज अभी तक पाकिस्तान के स्टार बैटर और पूर्व कप्तान बबार आजम के लिए अच्छी नहीं रही। मेलबर्न टेस्ट में बाबर पहली पारी में 1 रन बनाकर जबकि दूसरी पारी में 41 रन बनाकर आउट हुए। पाकिस्तान की दूसरी पारी के 33 ओवर हो चुके थे और बाबर के साथ क्रीज पर उस समय साउद शकील थे। बाबर थोड़ी अच्छी लय में नजर आ रहे थे और जब गेंद का सामना करने के लिए गार्ड लेकर तैयार हो रहे थे। तो स्मिथ उन्हें पीछे से कुछ कह रहे थे। बाबर एकदम से पीछे मुड़े और स्मिथ को बैट देकर मानो ये कह रहे थे कि आओ तुम ही बैटिंग कर लो, जिसके बाद स्मिथ ने बाबर के हाथ जोड़ लिए हैं।

# भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में साउथ अफ्रीका के कप्तान होंगे डीन एल्गर, टेम्बा बावुमा की जगह लेंगे



साउथ अफ्रीका के खिलाड़ी डीन एल्गर केपटाउन में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिये कप्तान होंगे। दरअसल, वह चोटिल तेंबा बावुमा की जगह दूसरे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी संभालेंगे। भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज के बाद क्रिकेट को अलविदा कहने जा रहे साउथ अफ्रीका के खिलाड़ी डीन एल्गर केपटाउन में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिये कप्तान होंगे। दरअसल, वह चोटिल तेंबा बावुमा की जगह दूसरे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी संभालेंगे। गुरुवार को क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट के बाद कहा कि, बावुमा दूसरा टेस्ट नहीं खेल सकेंगे। बावुमा को पहले दिन फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी और वह मैच में आगे नहीं खेल सके थे। उनकी गैर मौजूदगी में एल्गर ने ही कप्तानी की। दक्षिण अफ्रीका ने पहला टेस्ट एक पारी और 32 रन से जीता। शतक जमाने वाले एल्गर को श्प्लेयर आफ द मैचश भी चुना गया। बावुमा की जगह जुबैर हमजा तीन जनवरी से केपटाउन में होने वाला दूसरा टेस्ट खेलेंगे। एल्गर इससे पहले भी दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी कर चुके हैं। भारतीय टीम के पिछले दक्षिण अफ्रीका दौरे पर 2021 . 22 में पहला टेस्ट हारने के बाद उनकी कप्तानी में शानदार वापसी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने 2 . 1 से जीत दर्ज की थी।

# आस्ट्रेलिया के सामने पाकिस्तान पस्त, दूसरे टेस्ट में 79 रन से मिली हार, सीरीज में कंगारुओं को 2–0 की बढ़त



मेलबर्न में खेले गए ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान के दूसरे टेस्ट में चौथे दिन कंगारुओं ने मेहमानों के सामने जीत के लिए 317 रनों का लक्ष्य रखा था। इस स्कोर का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 237 रनों पर सिमट गई। पैट कमिंस ने दूसरी पारी में भी पंजा खोला और इस मैच में कुल 10 विकेट चटकाए।ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को दूसरे टेस्ट में 79 रनों से रौंदकर तीन मैच की इस सीरीज में 2–0 की अजेय बढ़त बना ली है। मेजबानों ने पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट को 360 रनों से जीता था। मेलबर्न में खेले गए इस टेस्ट मैच कै चौथे दिन कंगारुओं ने मेहमानों के सामने जीत के लिए 317 रनों का लक्ष्य रखा था, इस स्कोर का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 237 रनों पर सिमट गई। पैट कमिंस ने दूसरी पारी में भी पंजा खोला और इस मैच में कुल 10 विकेट चटकाए। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन की शुरुआत 6 विकेट के नुकसान पर 187 रनों से की थी। ऐलक्स कैरी ने पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ मिलकर दूसरी इनिंग का स्कोर 262 तक पहुंचाया। कैरी ने 53 रनों की शानदार पारी खेली। उनकी इस पारी के दम पर ही ऑस्ट्रेलिया पाकिस्तान के सामने 317 का लक्ष्य रखने में कामयाब रही। पाकिस्तान के बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में भी निराश किया। शान मसूद और आगा सलमान को छोड़ दें तो कोई बल्लेबाज 50 का आंकड़ा नहीं छू पाया। बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान जैसे खिलाड़ियों को अच्छी शुरुआत मिली थी, लेकिन वह इसे बड़े स्कोर में तबदील नहीं कर पाए। बात मुकाबले की करें तो टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपनी पहली पारी में मार्नस लाबुशेन के अर्धशतक के दम पर 318 रन बोर्ड पर लगाए थे। इस स्कोर के सामने पाकिस्तान की टीम 264 रनों पर ढेर हो गई थी जिस वजह से मेजबानों को 54 रनों की बढ़त मिली थी। इसके बाद कंगारुओं ने दूसरी पारी में मिचेल मार्श (96), स्टीव स्मिथ (50) और एलेक्स कैरी (53) की शानदार पारियों के दम पर 262 रन बनाए।

# सेंचुरियन टेस्ट में हार के बाद 16 सदस्यीय टीम का ऐलान, आवेश खान को मिला मौका




अब सीरीज का दूसरा मुकाबला तीन जनवरी से केपटाउन में खेला जाएगा। इस टेस्ट के लिए बीसीसीआई ने स्क्वॉड में बदलाव किया है। जहां बोर्ड ने तेज गेंदबाज आवेश खान को भारतीय टेस्ट टीम के साथ जोड़ा है। उन्हें मोहम्मद शमी की जगह टीम में शामिल किया गया है। भारत को सेंचुरियन में खेले गए पहले टेस्ट में साउथ अफ्रीका के हाथों हार झेलनी पड़ी है। वहीं दो टेस्ट मैचों सीरीज में मेजबान टीम 1–0 से आगे है। अब सीरीज का दूसरा मुकाबला तीन जनवरी से केपटाउन में खेला जाएगा। इस टेस्ट के लिए बीसीसीआई ने स्क्वॉड में बदलाव किया है। जहां बोर्ड ने तेज गेंदबाज आवेश खान को भारतीय टेस्ट टीम के साथ जोड़ा है। उन्हें मोहम्मद शमी की जगह टीम में शामिल किया गया है। सेंचुरियन टेस्ट में भारत का प्रदर्शन लचर रहा जिस कारण मुकाबला तीन ही दिन में खत्म हो गया। भारत एक पारी और 32 रन से हार गया। पहले टेस्ट में भारतीय गेंदबाजी बेहद खराब रही। मैच के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने भी माना था कि हार का बड़ा कारण गेंदबाजी क्षेत्र रहा है। जिस पिच पर साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज बेहतरीन नजर आ रहे थे वहीं भारतीय गेंदबाज मेजबान टीम के बल्लेबाजों को परेशान करने में नाकामयाब रहे। तेज गेंदबाज आवेश खान को शामिल किया गया है तो संभव है कि उन्हें दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग 11 में भी शामिल किया गया है। प्रसिद्ध कृष्णा पहले टेस्ट में नाकामयाब रहे, जिस कारण वह दूसरे टेस्ट में जगह बनाने में शायद ही चुने जाएं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारतीय स्क्वॉड रोहित शर्मा (कप्तान), शुबमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, केएस भरत, अभिमन्यु ईश्वरन, अवेश खान।

# आईसीसी ने भारतीय टीम पर लिया बड़ा एक्शन, खिलाड़ियों पर लगाया जुर्माना




टीम इंडिया वर्ल्ड चौंपियनशिप प्वाइंट्स टेबल में पहले स्थान से खिसककर पांचवें नंबर पर पहुंच गई थी। वहीं आईसीसी ने भारत के 2 अहम प्वाइंट्स हटा दिए हैं। भारत अब पांचवें नंबर से छठे नंबर पर खिसक गया है। इसके अलावा आईसीसी ने टीम इंडिया के सभी खिलाड़ियों पर 10 फीसदी का जुर्माना भी लगाया है।

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पहले मुकाबले में मिली हार के बाद भारतीय टीम पर आईसीसी ने जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही टीम इंडिया वर्ल्ड चौंपियनशिप प्वाइंट्स टेबल में पहले स्थान से खिसककर पांचवें नंबर पर पहुंच गई थी। वहीं आईसीसी ने भारत के 2 अहम प्वाइंट्स हटा दिए हैं। भारत अब पांचवें नंबर से छठे नंबर पर खिसक गया है। इसके अलावा आईसीसी ने टीम इंडिया के सभी खिलाड़ियों पर 10 फीसदी का जुर्माना भी लगाया है। इससे भारत को तगड़ा नुकसान हुआ है। जिसके बाद भारत पूरी तरह से बैकफुट पर आ गया है। बता दें कि, सेंचुरियन टेस्ट में भारत ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ धीमी ओवर डाले थे, जिस कारण से आईसीसी ने भारतीय टीम पर जुर्माना ठोक दिया। आईसीसी ने सभी खिलाड़ियों पर मैच फीस का 10 फीसदी जुर्माना लगाया है औस साथ ही दो अहम अंक भी घटा दिए हैं। इससे भारत को प्वाइंट्स टेबल में काफी नुकसान हुआ है। मेजबान टीम के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट मुकाबले में भारतीय टीम की तरफ से गेंद और बल्ले दोनों से बेहद खराब प्रदर्शन देखने को मिला। जिस कारण से मेजबान टीम ने मेहमान टीम के खिलाफ इस मुकाबले को एक इनिंग और 32 रनों से जीत लिया। अब भारत इ गलती को सीरीज के दूसरे मुकाबले में नहीं दोहराना चाहेगा।

# क्या वजन कम करने के लिए आप भी दिन दिनभर रहते हैं भूखे, अगर हां तो हो जाएं सावधान, वरना...



ज्यादातर लोगों की यही मानना है कि भूखे रहने से उनका वजन कम होता है. इसलिए वजन घटाने के लिए वे दिन में काफी कम और एक बार ही खाना खाते हैं. इससे वजन कम भी होता है, इसलिए डाइटिंग में इस आदत का ट्रेंड भी बढ़ रहा है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके कई गंभीर नुकसान भी हो सकते हैं. खाना स्किप करने या भूखे पेट रहने से वजन तो कम हो जाता है लेकिन कई तरह की गंभीर समस्याएं हो सकती हैं. आइए जानते हैं क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स...

क्या वजन कम करना सेहत के लिए हानिकारक

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, वेट लॉस के लिए कम खाना खाना कभी भी अच्छा विकल्प नहीं रहा है. इस तरह से वजन घटाना सेहत के लिए खतरनाक और हानिकारक हो सकता है. ऐसा भी जरूरी नहीं कि हर व्यक्ति कम खाकर ही अपना वजन कम करता है. 10 में से 8 केस में ऐसा हो भी सकता है लेकिन इस तरह के तरीकों को आजमाना शरीर के लिए बिल्कुल भी ठीक नहीं है.

एक्सपर्ट का क्या कहना है

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, वजन कम होना इस बात पर निर्भर करता है कि दिन में आप कितनी कैलोरी ले रहे और कितनी बर्न कर रहे हैं. कैलोरी इनटेक ज्यादा होने और सही तरह बर्न न होने पर वजन बढ़ता है. कम खाकर वजन कम करने का तरीका बिल्कुल भी सही नहीं है. ऐसा इसलिए क्योंकि इस तरीके से शरीर में पोषण तत्वों की कमी हो सकती है. कम खाना खाने से शरीर कमजोर हो सकता है और कई बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है. ऐसा करने से शरीर का इम्यून सिस्टम भी कमजोर होता है. डाइटिंग की वजह से कई विटामिन और प्रोटीन की कमी भी हो जाती है. ऐसे में कुपोषण का डर भी बना रहता है. ऐसे कई मामले आ भी चुके हैं. कई बार वजन कम करने की सनक परेशानी में भी डाल सकती है. इसलिए इस तरह के तरीकों से वजन कम करने की नहीं सोचनी चाहिए. वजन कम करने का अच्छा तरीका क्या है

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अगर आप अपना वजन घटाना ही चाहते हैं तो इसका सबसे अच्छा तरीका एक्सरसाइज करना होता है. ज्यादा खाना खाते हैं तो भी एक्सरसाइज करते रहें. इससे फैट और कैलोरी बर्न होती रहेगी और वजन नहीं बढ़ेगा. हर किसी को रोजाना कम से कम 15 मिनट तक एक्सरसाइज जरूर करना चाहिए.

# इन कारणों से पेरेंट्स को इग्नोर करने लगते हैं बच्चे, समय रहते कर लें खुद में सुधार



आजकल माता–पिता अपने बच्चों से शिकायत करते हैं कि वे परिवार के साथ रहने की बजाय अकेले रहना पसंद करते हैं. ऐसे बच्चे अक्सर अपने माता–पिता के साथ बातचीत करने और अपनी भावनाओं को साझा करने से हिचकिचाते हैं. जिसके कारण माता–पिता उनके विचारों को समझने में असमर्थ होते हैं और उनसे दूर हो जाते हैं. यदि आपके परिवार में भी बच्चे इस तरह से आपसे व्यवहार करते हैं, तो समय पर सतर्क हो जाएं.

तुलना ना करें

यदि आप भी उन माता–पिता में से एक हैं जो अक्सर अपने दोनों बच्चों में से एक को दूसरे के जैसा बनने के लिए कहते हैं, तो तुरंत अपनी यह आदत बदलें. आपका ऐसा करना बार–बार आपके बच्चे को यह अहसास करा सकता है कि आप उसके भाई या बहन से उससे ज्यादा प्यार करते हैं.

माता–पिता से भावनात्मक दूरी

कई बार कुछ बच्चे अपने माता–पिता की एक भी आलोचना को नजरअंदाज नहीं कर पाते हैं. ऐसे बच्चों के माता–पिता के लिए हमेशा अपने बच्चों के व्यवहार पर नजर रखना मुश्किल हो जाता है. बचपन की इरादा भरी नफरत बच्चों को इसे अपने माता–पिता से भावनात्मक दूरी बना देती है.

जीवनसाथी पर टिप्पणी

बच्चे का विवाहित जीवन पहले के तुलना में थोड़ा अलग हो जाता है. इस तरह की स्थिति में, उसके जीवनसाथी पर कोई भी टिप्पणी करना आपके लिए गलत हो सकता है, लेकिन उसके लिए यह अपमानजनक महसूस हो सकता है. जिससे वह आपसे दूर हो सकती है.

गलतियों से सीखने का मौका

कई बार माता–पिता हर बात के लिए अपने बच्चों को रोकने और सलाह देने में लगे रहते हैं. वे इसे अपना अधिकार और कर्तव्य मानते हैं लेकिन आप उन्हें हमेशा बिना पूछे सलाह देना, खासकर जब वे अपने निर्णय ले सकते हैं. आपकी सलाह अच्छी हो सकती है, लेकिन कभी–कभी यह बेहतर होता है कि आप एक कदम पीछे हटें और अपने बच्चों को अपनी गलतियों से सीखने का मौका दें.

# 300 करोड़ के पार हुई शाहरुख खान की डंकी, दुनियाभर में फिल्म ने कर ली बंपर कमाई

सुपरस्टार शाहरुख खान की फिल्म डंकी बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है. किंग खान की मूवी पर ऑडियंस भर–भरकर प्यार लुटा रही है. देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी डंकी का डंका बज रहा है और हर दिन करोड़ों रुपये की ताबड़तोड़ कमाई हो रही है. जानिए शाहरुख खान की डंकी ने बॉक्स ऑफिस पर अब तक टोटल कितने करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है.

शाहरुख खान की डंकी के वर्ल्डवाइड कलेक्शन के लेटेस्ट आंकड़े सामने आ गए हैं. रेज चिलीज एंटरटेनमेंट के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म के कलेक्शन की जानकारी शेयर हुई है, जिसके अनुसार शाहरुख खान की डंकी दुनियाभर में सिर्फ 7 दिनों 300 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई है. एक हफ्ते में फिल्म ने टोटल 305 करोड़ रुपये का बिजनेस कर लिया है.

साल 2023 में डंकी रिलीज हुई शाहरुख खान की तीसरी



फिल्म है. इससे पहले एक्टर की दो फिल्में जवान और पठान रिलीज हुई थीं. दोनों ही फिल्में कमाई के मामले में बॉक्स ऑफिस पर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टार साबित हुईं. जवान और पठान में शाहरुख खान अपने एक्शन अवतार से छा गए थे. शाहरुख खान की डंकी में बताया गया है कि कैसे लोग बिना वीजा और पासपोर्ट के दूसरे देश में गैरकानूनी तरीके से घुस जाते हैं और इस तरह के काम का अंजाम क्या होता है.

शाहरुख खान की फिल्म डंकी का निर्देशन मशहूर डायरेक्टर राजकुमार हिरानी ने किया है. इसमें तापसी पन्नू, विक्की कौशल, बोमन ईरानी, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर ने अहम भूमिका निभाई है. रिलीज के बाद डंकी को क्रिटिक्स और ऑडियंस से मिक्स रिव्यूज मिले थे. राष्ट्रपति भवन में भी शाहरुख खान की डंकी की स्क्रीनिंग हुई थी.

# बाक्स आफिस पर प्रभास की फिल्म सालार दुनियाभर में बनी 500 करोड़ी

प्रभास की सालाररू पार्ट 1 – सीजफायर 22 दिसंबर को रिलीज होने के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है। इसका निर्देशन प्रशांत नील ने किया है, जो इससे पहले केजीएफ जैसी सुपरहिट फ्रैंचाइजी दर्शकों के बीच पेश कर चुके



हैं। फिल्म ने अब तक कमाई के कई रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं।वीकेंड पर धुआंधार कमाई करने के बाद कामकाजी दिनों में भी इस फिल्म का टिकट खिड़की पर जलवा बरकरार है।सालार की कमाई के छठे दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं, जो गिरावट देखने को मिली है।रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने बुधवार को 17 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 297.40 करोड़ रुपये हो गया है।भारतीय बॉक्स ऑफिस पर सालार की कमाई 300 करोड़ रुपये की ओर है। यह फिल्म काल्पनिक शहर खानसार पर आधारित है और दो दोस्तों (प्रभास और सुकुमारन) पर केंद्रित है। सालार का देश में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में डंका बज रहा है। दुनियाभर में यह फिल्म 500 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर चुकी है।इसी के साथ पठान, जवान, जेलर, एनिमल और लियो के बाद सालार वैश्विक स्तर पर 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली 2023 की छठी भारतीय फिल्म बन गई है।सालार में पृथ्वीराज सुकुमारन भी मुख्य भूमिका है। श्रुति हासन और जगपति बाबू भी इसका अहम हिस्सा हैं।

# सालार और डंकी की तूफानी रफ्तार के आगे भी डटी हुई है एनिमल, कमाई 450 करोड़ के पार

1 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई करने में सफल रही है। हालांकि, वक्त के साथ अब इसकी रफ्तार सुस्त पड़ चुकी है।शाहरुख खान की डंकी और प्रभास की सालार के सिनेमााघरों में दस्तक देते ही एनिमल की कमाई लाखों में सिमट गई है।एनिमल की कमाई के 27वें दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक,



एनिमल ने अपनी रिलीज के 27वें दिन (बुधवार) 95 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 540.04 करोड़ रुपये हो गया है।दुनियाभर में यह फिल्म 874 करोड़ रुपये से अधिक कमा चुकी है।एनिमल में रणबीर की जोड़ी रश्मिका मंदाना के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जा रहा है।फिल्म में अनिल कपूर, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी भी अहम भूमिकाओं में हैं।एनिमल की अपार सफलता के बाद रणबीद फिल्म की दूसरी किस्त एनिमल पार्क में नजर आएंगे। इसकी कहानी वहीं से शुरू होगी जहां एनिमल का अंत हुआ है।इसके अलावा वह नितेश तिवारी की फिल्म रामायण का हिस्सा हैं। साउथ की जानी–मानी अभिनेत्री साई पल्लवी उनकी जोड़ीदार होंगी।रणबीर और साई पहली बार किसी फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं, वहीं सई इसके जरिए बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं।रामायण में रावण की भूमिका यश निभाने वाले हैं।

# रवि तेजा की मूवी ईगल से दूसरा एकल गैलान्थे गीतात्मक वीडियो जारी

प्रतिभाशाली फिल्म निर्माता कार्तिक घट्टमनेनी द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर, ईगल, अपने शानदार कलाकारों के साथ महत्वपूर्ण चर्चा पैदा कर रही है, जिसमें काव्या थापर मुख्य अभिनेत्री के रूप में हैं, साथ ही पावरहाउस कलाकार मास महाराजा और आकर्षक अनुपमा परमेश्वरन भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

यह फिल्म, अपनी शुरुआत से ही, न केवल मास महाराजा के समर्पित प्रशंसक आधार से, बल्कि व्यापक सिनेमा दर्शकों से भी उच्च उम्मीदों से घिरी रही है। कथा में गहराई जोड़ते हुए नवदीप, वसारसला श्रीनिवास और मधुबाला के उल्लेखनीय प्रदर्शन ने कलाकारों की टोली को समृद्ध किया है।

पीपुल्स मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले चल रहे निर्माता टीजी विश्वप्रसाद और विवेक कुचिभोटला के संयुक्त प्रयासों की बदौलत सिनेमाई उद्यम को बड़े पैमाने पर जीवंत किया जा रहा है। दृश्यात्मक रूप से आश्चर्यजनक और मनोरम फिल्म अनुभव प्रदान करने की उनकी प्रतिबद्धता स्पष्ट है, जिससे सिनेप्रेमियों के बीच प्रत्याशा का स्तर बढ़ गया है।

ईगल के पहले गाने, टीजर और ट्रेलर के अनावरण सहित हालिया रिलीज ने एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव के लिए मंच तैयार करते हुए एक मजबूत छाप छोड़ी है। आज, रचनात्मक टीम ने मधुर ट्रैक गैलेन्थे जारी करके फिल्म की संगीतमय टेपेस्ट्री में एक और परत जोड़ दी।

प्रतिभाशाली संगीतकार दवजंद द्वारा तैयार किया गया यह गीत कपिल कपिलन और लिन की भावपूर्ण आवाजों के माध्यम से जीवंत हो गया है। कृष्णकांत की गीतात्मक सूक्ष्मता गीत की भावनात्मक गहराई को और बढ़ाती है, जिससे एक सामंजस्यपूर्ण मिश्रण बनता है जो दर्शकों के साथ गूंजता है। यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म पर सकारात्मक स्वागत और बढ़ते व्यूज गाने की व्यापक अपील का प्रमाण हैं।

जैसे–जैसे उत्साह बढ़ता है और प्रचार गतिविधियां जारी रहती हैं, ईगल 13 जनवरी को स्क्रीन पर रिलीज होने के लिए तैयार है, जो दर्शकों को एक गहन सिनेमाई यात्रा की पेशकश करेगा। रिलीज से पहले की सभी घटनाओं के पूरा होने के साथ, यह फिल्म हाई–ऑक्टेन एक्शन, एक सम्मोहक कहानी और एक संगीतमय स्कोर के संयोजन के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है जो सही तालमेल बिठाता है। फिल्म के निर्माण में किए गए सावधानीपूर्वक प्रयास, आकर्षक प्रचार सामग्री के साथ मिलकर,



ईगल को एक बहुप्रतीक्षित सिनेमाई उपचार बनाते हैं जो दर्शकों पर एक स्थायी प्रभाव छोडने के लिए तैयार है। फिल्म की रिलीज की उलटी गिनती इस एक्शन से भरपूर तमाशे का बेसब्री से इंतजार कर रहे सिनेप्रेमियों के लिए नए साल की रोमांचक शुरुआत का वादा करती है।

# उपन्यास दिल्ली दरबार पर आधारित होगी आनंद एल राय की नखरेवाली की कहानी

हिंदी सिनेमा के जाने–माने निर्देशक आनंद एल राय ने इंडस्ट्री को रांझणा और तनु वेड्स मनु जैसी हिट फिल्में दी हैं।मौजूदा वक्त में वह अपनी आगामी फिल्म नखरेवाली को लेकर चर्चा हैं।यह फिल्म



इसलिए ज्यादा खास है, क्योंकि इसके जरिए आनंद दो नए चेहरों (अंश दुग्गल और प्रगति श्रीवास्तव) को बॉलीवुड के दर्शन कराएंगे।ताजा खबर यह है कि नखरेवाली की कहानी सत्य व्यास की सबसे ज्यादा बिकने वाले उपन्यास दिल्ली दरबार पर आधारित होगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, नखरेवाली एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जो हास्य और सामाजिक टिप्पणियों से भरपूर होगी।फिल्म का निर्देशन राहुल शांकल्या कर रहे हैं तो वहीं इसकी कहानी दिव्य निधि शर्मा लिख रही हैं।लेखिका ने सत्य व्यास की किताब दिल्ली दरबार को बड़े पर्दे के लिए खूबसूरती से रूपांतरित किया है।नखरेवाली में अंश ने चुलबुले लड़के का किरदार निभाया है, जबकि प्रगति एक ठेठ पूर्वी दिल्ली की लड़की के रूप में दिखाई देंगी।नखरेवाली के अलावा आनंद अपनी आगली अगली निर्देशित फिल्म तेरे इश्क में के प्री–प्रोडक्शन में पूरी तरह से डूबे हुए हैं।इसमें धनुष मुख्य भूमिका में हैं। रांझणा और अतरंगी रे के बाद तेरे इश्क में धनुष और आनंद के बीच तीसरा सहयोग है।यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी।इसके अलावा आनंद फिर आई हसीन दिलरुबा को लेकर भी चर्चा में हैं। इसमें विक्रांत मैसी, सनी कौशल और तापसी पन्नू मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# थिएटर के बाद अब कंगना रनौत की एक्शन पैक्ड तेजस ओटीटी पर होगी रिलीज, जी5 पर 5 जनवरी को होगी स्ट्रीम

कंगना रनौत के लिए साल 2023 अनलकी रहा. एक्ट्रेस की इस साल बैक टू बैक कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रहीं. वहीं कंगना को अपनी आखिरी रिलीज फिल्म श्तेजसश्च से काफी उम्मीद थी लेकिन ये फिल्म भी दर्शकों को पसंद नहीं आई और एक्ट्रेस की फ्लॉप फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई.27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई श्तेजसश्च की अब ओटीटी रिलीज की तारीख आ गई है. चलिए यहां जानते हैं कंगना की ये फिल्म कब और किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी.एरियल एक्शन पैक्ड थ्रिलर श्तेजसश्च में कंगना रानौत एक भारतीय वायु सेना पायलट की भूमिका निभाई है. इस फिल्म को सर्वेश मेवाड़ा द्वारा लिखित और निर्देशित किया



गया है और रोनी स्क्रूवाला द्वारा इसे प्रोड्यूस किया गया है. वहीं श्तेजसश्च की अब ओटीटी रिलीज डेट आ गई है. ये फिल्म 5 जनवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी 5 पर प्रीमियर होगी.

एक वीडियो में कंगना ने कहा था, दोस्तों, मेरी फिल्म तेजस कल सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है. जिसने भी यह फिल्म देखी है, वह हमें बहुत सराहना और आशीर्वाद दे रहा है. लेकिन दोस्तों, कोविड 19 के बाद हमारी हिंदी फिल्म इंडस्ट्री पूरी तरह से ठीक होने में सक्षम नहीं रही है. 99त्न फिल्मों को दर्शकों द्वारा मौका ही नहीं दिया जाता है. मैं जानती हूं कि आज के युग में हर किसी के पास मोबाइल फोन और घर पर टीवी है. लेकिन सिनेमाघरों में सामुदायिक फिल्म देखना जो हमारी सभ्यता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है शुरू से ही. डांस, कला... हर तरग के नृत्य, लोकगीत... सभी जरूरी हैं. इसलिए, यह हिंदी फिल्म दर्शकों और विशेष रूप से मल्टीप्लेक्स दर्शकों से मेरी रिक्वेस्ट है... अगर आपको उरी पसंद आई, मैरी कॉम और नीरजा, तो तेजस भी पसंद आएगा.हालांकि कंगना की तेजर को थिएटर्स में ऑडियंस ने बुरी तरह नकार दिया, वहीं अब जब यह ओटीटी पर रिलीज हो रही है, तो उम्मीद है कि फिल्म ज्यादा लोगों तक पहुंचेगी. वहीं कंगना के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे जल्द ही इमरजेंसी में नजर आएंगी जिसका निर्देशन भी एक्ट्रेस ने ही किया है.

# खुशी दुबे के नए शो आंख मिचौली का प्रोमो रिलीज, अंडरकवर काप के अवतार में आएंगी नजर

एक्ट्रेस खुशी दुबे के फैंस के लिए गुड न्यूज है. खुशी को जल्द ही नए शो में देखा जाएगा. वो शो आंख मिचौली में नजर आएंगी. इस शो की कहानी एक अंडरकवर कॉप की कहानी है. शो में खुशी दुबे और नवनीत मलिक लीड रोल में हैं. आंख मिचौली के मेकर्स ने इस कॉप ड्रामा का एक दिलचस्प प्रोमो जारी किया है. प्रोमो में एक तरफ रुक्मिणी (खुशी दुबे) को एक अंडरकवर कॉप के रूप में गुंडों से लड़ते हुए दिखाया गया है. वहीं दूसरी तरफ, रुक्मिणी पर परिवार का प्रेशर है. रुक्मिणी को शादी करने के लिए मजबूर किया जा रहा है. लेकिन रुक्मिणी एक जानी मानी अधिकारी बनने की इच्छा रखती है. ऐसे में शो की कहानी बेहद दिलचस्प होने वाली है. आंख मिचौली सास बहू की एक ट्विस्ट से भरी कहानी होगी. रुक्मिणी की जर्नी को देखना दिलचस्प होगा कि कैसे वो अपने लक्ष्यों को हासिल करती है, या क्या शादी उसके इस सपने को तोड़ दिया जाएगा. बता दें कि आंख मिचौली स्टार प्लस पर रिलीज होगा. मालूम हो कि खुशी को वेब शो आशिकाना से नेम फेम मिला था. इस शो में वो लीड रोल में थीं. उनके कैरेक्टर का नाम चिक्की था, जिसे फैंस ने खूब प्यार दिया. इस शो में वो जैन इबाद खान के अपोजिट रोल में थीं. खुशी को शो नागिन, कैसा अटूट रिश्ते की जोर जैसे शोज में देखा गया. वो 2013 में फिल्म बॉम्बे टॉकीज में भी नजर आई थीं. इसके अलावा उन्होंने 2015 में फिल्म दिल धड़कने दो में भी काम किया है. इस फिल्म में वो पुतलू मेहरा के रोल में थीं.



# सारे दावों को श्रुति हासन ने बताया फर्जी, कहा– कौन है वो मैं नहीं जानती, शादी को लेकर भी किया खुलासा

श्रुति हासन इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म प्रभास स्टारर सालार से सुर्खियां बटोर रही हैं। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। इन सबके बीच अब श्रुति ने उन्हें असभ्य कहने के लिए ओरी उर्फ ओरहान अवत्रामणि पर पलटवार किया है। एक इंटरव्यू में श्रुति ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि ऑरी कौन हैं।श्रुति हासन इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म प्रभास स्टारर सालार से सुर्खियां बटोर रही हैं। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। इन सबके बीच अब श्रुति ने उन्हें असभ्य कहने के लिए ओरी उर्फ ओरहान अवत्रामणि पर पलटवार किया है। एक इंटरव्यू में



श्रुति ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि ऑरी कौन हैं। उन्होंने कहा कि वह लोगों के साथ वैसा ही व्यवहार करती हैं, जैसा लोग उनके साथ करते हैं। इस दौरान श्रुति ने अपनी शादी को लेकर चल रही अफवाहों पर भी खुलकर बात की। अनजान लोगों के लिए, ऑरी ने सालार एक्ट्रेस को असभ्य व्यक्ति कहा था। सोशल मीडिया बर्डी ने हाल ही में रेडिट पर एक एएमए में दावा किया कि जब वे एक–दूसरे से मिले तो श्रुति ने उनके साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया। बॉम्बे टाइम्स से बात करते हुए श्रुति ने कहा, श्मुझे नहीं पता कि वह (ओरी) कौन है। मैं अपना काम करने और अपनी जिंदगी जीने में व्यस्त हूं।श मैंने हमेशा उन लोगों पर ध्यान केंद्रित किया है जो मेरे जीवन और मेरे आस–पास अच्छी ऊर्जा लाते हैं। मैंने हमेशा यह कहा है और मैं इस पर कायम हूं। मैं एक दर्पण की तरह हूं, मैं लोगों के साथ बिल्कुल वैसा ही व्यवहार करती हूं जैसा मेरे साथ किया जाता है और मुझे इसका कभी अफसोस नहीं होता। श्रुति हासन ने अपनी शादी की अफवाहों पर खुलकर बात की उन्होंने कहा कि "यह बहुत बचकाना है। मैं चाहती हूं कि जो लोग मुझे नहीं जानते वे मेरे बारे में बात न करें। मैंने अपनी जिंदगी पूरी खुलेपन और ईमानदारी से जी है।

# एनिमल में हाट सीन से गर्दा उड़ाने के बाद तृप्ति डिमरी ने फिर लूटी महफिल, इन अदाओं पर ठहर गईं नजरें

एनिमल की रिलीज के बाद से ही तृप्ति डिमरी रातों–रात स्टार बन गई हैं. उन्हें नेशनल क्रश कहा जाने लगा है. आज तृप्ति के फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहने लगे हैं. एक्ट्रेस भी चाहने वालों के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. अब फिर से तृप्ति ने अपनी स्टनिंग अदाएं दिखाते हुए कई फोटोज शेयर की हैं. इस बार एक्ट्रेस देसी लिबास में नजर आ रही हैं.लेटेस्ट लुक में तृप्ति व्हाइट पर्ल लहंगा पहने हुए नजर आ रही हैं. इसके साथ उन्होंने डीपनेक डिजाइनर ब्लाउज पेयरअप किया है.तृप्ति ने अपने इस लुक को सटल बेस, न्यूड रेड लिप्स और न्यूड आई मेकअप रखा है. वहीं, उन्होंने बालों को हाफ बांधकर मैसी टच दिया है. एक्सेसरीज के तौर पर तृप्ति ने गले में कुंदन का नेकपीस और छोटे–छोटे ईयरिंग्स पहने हैं. तृप्ति इस एथनिक लुक में बेहद खूबसूरत और हॉट दिख रही हैं. फैंस तो उनकी अदाओं से नजरें ही नहीं हटा पा रहे हैं. चाहने वालों ने एक्ट्रेस की तारीफों के पुल बांधते हुए कई कमेंट्स किए हैं. इसके बाद अलावा लोगों ने उन्हें एनिमल के कैरेक्टर के साथ जोड़ते हुए भाभी 2 भी कहा है. कुछ ही समय में तृप्ति की फोटोज पर लाखों लाइक्स फआ चुके हैं, जो तेजी से बढ़ रहे हैं.दूसरी ओर तृप्ति के वर्क फ्रंट की बात करें तो एनिमल की सफलता के बाद उन्हें कई प्रोजेक्ट्स के ऑफर्स मिलने लगे हैं. अब जल्द ही उन्हें मेरे महबूब मेरे सनम और विक्की विद्या का वो वाला वीडियो टाइटल से बन रही फिल्मों में भी नजर आने वाली हैं. फैंस उन्हें फिर से पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं।

